Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
# घटती घटना
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
अम्बिकापुर , वर्ष 19,अंक -111 सोमवार ,20 फरवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

इस संपूर्ण विश्व को जो अपना कुटुम्ब मानता है वही समदर्शी है।

-सुभाषित-

# असली-नकली शिवसेना के विवाद पर लगा ब्रेक




### शिंदे बोले- मेरे पीछे चट्टान की तरह खड़े रहे शाह

**मुंबई,19 फ रवरी 2023(ए)।** शिवसेना में बीते साल हुई टूट के बाद चुनाव आयोग ने हाल ही में पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को सौंप दिया है। इसी के साथ महाराष्ट्र में बीते कई दिनों से जारी असली शिवसेना-नकली शिवसेना के विवाद पर ब्रेक लग गया। हालांकि, उद्धव ठाकरे गुट ने चुनाव आयोग के इस फैसले पर आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है, उन्होंने इसे शिवसेना के नाम और निशान की चोरी करार दिया है। अब इस पूरे विवाद पर पहली बार महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे का बयान आया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ एक कार्यक्रम में शिंदे ने पूरे घटनाक्रम को लेकर अपनी बात रखी।

### एकनाथ शिंदे बोले- शाह जी ने जो कहा था,वही किया

शिवसेना में अपने समर्थन वाले विधायकों को तोड़कर महाराष्ट्र में भाजपा के समर्थन वाली सरकार बनाने को लेकर एकनाथ शिंदे ने बयान दिया। उन्होंने अमित शाह की मौजूदगी में उनकी तारीफ करते हुए कहा, ÷अमित शाह जी ने मुझे कहा था, शिंदे जी आप आगे बढ़ें। हम एक चट्टान की तरह आपके पीछे खड़े रहेंगे। शाह जी ने जो कहा था, वही किया।÷

### अमित शाह ने ली उद्धव गुट की चुटकी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असली शिवसेना विवाद पर चुनाव आयोग के फैसले का स्वागत किया है। शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कल सत्यमेव जयते शब्द चरितार्थ हो गया। चुनाव आयोग ने दूध का दूध पानी का पानी कर दिया। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना को असली शिवसेना और धनुष बाण दोनों मिल गए। जो लोग झूठ का सहारा लेकर चिल्ला रहे थे, आज उन्हें पता चल गया है कि सच्चाई किसके पक्ष में है। उन्होंने कहा कि आज पुणे के कार्यकर्ताओं को एक संकल्प करके जाना है कि महाराष्ट्र की सभी सीटें शिवसेना और भाजपा के खाते में आएंगे।

अमित शाह ने कार्यक्रम में पुस्तक 'मोदी 20' के मराठी संस्करण का विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मौजूद रहे। उन्होंने दोहराया कि 2019 के विधानसभा चुनावों के पहले मुख्यमंत्री पद साझा करने पर कोई सहमति नहीं हुई थी। बता दें, 2019 के विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित होने के बाद शिवसेना ने भाजपा के साथ गठबंधन तोड़ लिया था। इसमें दावा किया गया था कि भाजपा ने उसके साथ सीएम का पद साझा करने का वादा किया था।

### 2000 करोड़ में शिवसेना के नाम और चुनाव चिह्न की सौदेबाजी हुई, संजय राउत का शिंदे पर बड़ा आरोप

शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट के नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने रविवार को आरोप लगाया कि शिवसेना पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न को खरीदने के लिए 2000 करोड़ रुपये का सौदा हुआ।

राउत ने अपने ट्वीट में दावा किया कि 2,000 करोड़ रुपये का सौदा शुरुआती आंकड़ा है और यह 100 फीसदी सच है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि बहुत जल्द ऐसी बहुत सी चीजों का पर्दाफाश होगा, जो देश के इतिहास में कभी नहीं हुई हैं। इस बीच शिंदे गुट ने राउत के दावे को खारिज किया है। गौरतलब है कि पिछले साल जून में शुरू हुए एक विवाद पर फैसला सुनाते हुए चुनाव आयोग ने शुक्रवार को शिंदे गुट को शिवसेना का नाम और तीर-धनुष प्रतीकचिहन् देने का फैसला किया जिसके बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गयी है। ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना गुस्सा जाहिर किया और चुनाव आयोग तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा।



## बीडी मिश्रा ने लद्दाख के उपराज्यपाल के रूप में शपथ ली

**लेह ,19 फ रवरी 2023 (ए)।** ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त) ने रविवार को लद्दाख के नए लेफ्टिनेंट गवर्नर (एलजी) के रूप में शपथ ली। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एन कोटेश्वर सिंह ने लेह में राज निवास में मिश्रा को पद की शपथ दिलाई। समारोह में जस्टिस ताशी रबस्तान और लद्दाख के सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल भी मौजूद थे। बाद में मिश्रा को लद्दाख पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मिश्रा भारतीय सेना के पूर्व ब्रिगेडियर हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (हस्त) के काउंटर हाईजैक फोर्स के पूर्व कमांडर हैं, जिन्हें ब्लैक कैट कमांडो के नाम से भी जाना जाता है। 33 साल से अधिक के शानदार करियर के बाद, मिश्रा 31 जुलाई, 1995 को सेना से सेवानिवृत्त हुए और 3 अक्टूबर, 2017 को अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में पदभार संभाला। भारत के राष्ट्रपति ने 12 फरवरी को राधा कृष्णन माथुर का इस्तीफा स्वीकार करने के बाद 83 वर्षीय मिश्रा को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया। मिश्रा पहले अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल थे और माथुर के बाद लद्दाख के दूसरे एलजी हैं, जिन्होंने 31 अक्टूबर 2019 से 11 फरवरी 2023 तक तीन साल तक सेवा की।

## संक्षिप्त समाचार

### एयर इंडिया फ्लाइट की एयरपोर्ट पर हुई इमरजेंसी लैंडिंग



**तिरुवनंतपुरम ,19 फरवरी 2023(ए)।** दुबई से तिरुवनंतपुरम आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान (फ्लाइट नंबर आईएक्स540) के नोज व्हील में तकनीकी खराबी आने के बाद रविवार सुबह एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैडिंग करानी पड़ी। विमान में सवार सभी 156 यात्री सुरक्षित हैं।

पायलट ने इमरजेंसी लैंडिंग के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर अनुरोध किया। जिसके बाद एयर इंडिया के विमान ने सुबह 5.40 बजे इमरजेंसी लैंडिंग की। 'इमरजेंसी' की घोषणा के चलते एयरपोर्ट पर सारे इंतजाम किए गए।

एयरपोर्ट के सूत्रों ने बताया कि इमरजेंसी लैंडिंग के लिए रनवे को साफ कर दिया गया और विमान आसानी से एयरपोर्ट पर उतर गया। एयरपोर्ट के सूत्रों ने बताया कि इस घटना के कारण किसी भी उड़ान का मार्ग नहीं बदला गया। नागरिक उड्डयन महानिदेशक घटना की जांच करेंगे।

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर आपस में टकराईं 25 गाड़ियां



**पूरे हाईवे पर लगा भीषण जाम**

**मेरठ ,19 फरवरी 2023(ए)।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह कोहरे का कहर देखने को मिला। यहां गाजियाबाद के डासना इलाके में कोहरे की वजह से एक के बाद एक 25 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। गनीमत रही कि इस हादसे में अभी तक किसी की जान नहीं गई है। कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में एडमिट कराया गया है। हालांकि हादसे के बाद से एक्सप्रेसवे पर भीषण जाम लगा हुआ है। जानकारी के मुताबिक घने कोहरे की वजह से यह हादसा हुआ। इस हादसे में कई गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस राहत बचाव कार्य में जुटी है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। एक्सप्रेसवे से जाम खुलवाने के लिए हादसे का शिकार हुई गाड़ियों को हटाया जा रहा है।

उधर बागपत में भी कोहरे की वजह से एक दर्जन गाड़ियां आपस में टकरा गई। इस हादसे में 6 लोगों के घायल होने की सूचना है। पूरा मामला नेशनल हाईवे-709बी का है। यहां शहर कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव के निकट कई कार, बस और बाइक आपस में टकरा गई।

# निर्माणाधीन फैक्ट्री की सेंट्रिंग गिरी

**» दो मजदूरों की मौत;**
**» आठ सुरक्षित निकाले**



**गाजियाबाद ,19 फ रवरी 2023 (ए)।** लोनी कोतवाली क्षेत्र के रूप नगर औद्योगिक क्षेत्र में रविवार दोपहर करीब तीन बजे निर्माणाधीन फैक्ट्री की सेंट्रिंग अचानक भरभरा कर गिर गई। उसके नीचे करीब आठ कामगार दब गए। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण रवि कुमार के अनुसार, दो कामगारों की मौत हो गई है। मलबा हटाकर आठ घायल कामगारों को निकाला जा चुका है। उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, मदल पाल शर्मा रूप नगर औद्योगिक क्षेत्र में चार सौ गज के प्लाट में फैक्ट्री का निर्माण करा रहे हैं। रविवार को 20 फीट पर लेंटर डालने के लिए कामगार शटरिंग लगा रहे थे। दोपहर करीब तीन बजे शटरिंग अचानक गिर गई। करीब 12 कामगार उसके नीचे दब गए। चीख-पुकार मच गई।

सूचना स्थानीय पुलिस, अग्निशमनकर्मी, नगर पालिका परिषद के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। तीन जेसीबी के मदद से मलबा हटाना शुरू किया। करीब एक घंटे में पांच घायल कामगारों को बाहर निकाला। उनकी पहचान बलराम नगर के सन्नी, बलकेश, सुनील, शमीम व राजेश के रूप में हुई।

**आलाधिकारी पहुंचे**

सूचना पर पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण रवि कुमार सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे गए। एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची है। शटरिंग को कटर से काटा जा रहा है। डाग स्क्वाड की भी मदद ली जा रही है। अधिकारियों की निगरानी में बचाव कार्य चल रहा है।

**अफरा-तफरी का माहौल**

हादसे के बाद से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल है। मौके पर भारी भीड़ जुटी है। उन्हें संभालने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ रही है। हालांकि स्थानीय लोग मदद भी कर रहे हैं। इस मामले में अब तक किसी भी अधिकारी का कोई बयान नहीं आया है।




## सरकारी समाधान यात्रा या दिखावटी दौरा ?

**पटना, 19 फरवरी 2023 (ए)।** नीतीश कुमार ने पटना में समाधान यात्रा का समापन करते हुए कहा, यात्रा काफी अच्छी रही। पूरे बिहार में गए, लोगों की बातों को सुना और काम की प्रगति को देखा। यात्रा के बाद लोगों की राय भी आ रही है। जन प्रतिनिधियों ने भी अपनी बात कही है। अधिकारियों को इन बिंदुओं पर काम करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने लोगों की बात सुनकर उनकी समस्याओं को कितना समझा? सरकारी कार्यों की जमीनी स्थिति से वे कितने संतुष्ट हुए? लोगों की राय को कितना स्थान दिया एवम् उनके निर्देशों का पदाधिकारी कितना कार्यान्वयन करते हैं? फिलहाल इन सवालों का जवाब खोजना कठिन है। लेकिन मुख्यमंत्री आम लोगों को सुन भी सके या नहीं, परियोजना की वास्तविक तस्वीर देख सके या नहीं, इस पर संदेह करने के पर्याप्त कारण मौजूद हैं।अपने दौरे के क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिन लोगों से बात की, जिन परियोजनाओं को देखा और जहां पहुंचे, वे सभी लोग, योजना और स्थल पूर्व निर्धारित थे। सरकारी अधिकारियों द्वारा इन्हें रातों-रात तैयार किया गया। कुछ भी अचानक नहीं था। इसका प्रमाण आज भी उन गांवों, विद्यालयों, परियोजना स्थलों में मौजूद है जहां मुख्यमंत्री का दौरा एन वक्त पर रद्द हो गया। वहां खुदते हुए तालाब आधे खुदे रह गए, मछली पालन के लिए लाई गई मछलियां वापस भेज दी गई, सड़कों, दीवारों आदि के रंग-रोगन का काम अधूरा छोड़ दिया गया, पुस्तकालय में लायी गयी पुस्तकें वापस हो गईं, कंप्यूटर आदि जहां से लाए गए थे वहीं लौट गए। दूसरे शब्दों में कहें तो सब कुछ सरकारी दौरे की परंपरागत शैली में हुआ, इसलिए इसे यात्रा कहना सही प्रतीत नहीं होता है। इसलिए सवाल उठता है कि चतुर राजनेता कहे जाने वाले नीतीश कुमार ने आखिर इस यात्रा पर 44 दिनों का लम्बा समय क्यों खर्च किया और इतनी मेहनत किस उद्देश्य से की? विपक्षी दलों के नेता अपनी राजनीतिक सुविधा के अनुसार इस सवाल का जवाब देते हैं।

**वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय कहते हैं**-नीतीश कुमार की समाधान यात्रा के दौरान किसी भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। जब नीतीश कुमार किसी से मिले ही नहीं, तो समाधान किसका और क्या किए। आज की तारीख में वे स्वयं सबसे बड़ी समस्या हैं। वहीं पटना के एएन सिन्हा इंस्टीट्यूट के पूर्व निदेशक एवं राजनीतिक विश्लेषक डीएम दिवाकर कहते हैं, ऐसा लगता है नीतीश कुमार अपनी आगे की राजनीति के लिहाज से जनता की नब्ज टटोल रहे थे।

# पेट दर्द से तड़प रहा था कैदी

### जांच के दौरान डॉक्टरों को मिली ऐसी चीज कि उड़ गए होश




**गोपालगंज ,19 फरवरी 2023 (ए)।** बिहार के गोपालगंज में पेट दर्द से परेशान कैदी की जांच कर रहे डॉक्टर भी उस समय हैरान रह गए जब उसके पेट में मोबाइल का पता चला। यह कैदी मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में 3 साल से जेल में बंद है।

पेट दर्द से परेशान इस कैदी को जेल प्रशासन ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में पहुंचाया। डॉक्टरों ने कहा कि कैदी की एक्सरे जांच में मोबाइल जैसा आकार का कुछ सामान दिखा। अब मरीज का ऑपरेशन कर इस मोबाइल को निकाला जाएगा। इसके लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया जा रहा है। हालांकि यह पहला मामला नहीं है कि जेल में कैदी के पेट से मोबाइल निकला हो। इससे पहले 2022 में हत्या, लूट और डकैती के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद कैद एक व्यक्ति के पेट में 5 मोबाइलों का पता चला था।



## बीएसएफ द्वारा पाक ड्रोन पर फायरिंग

**गुदासपुर, 19 फ रवरी 2023 (ए)।** डेरा बाबा नानक की बीओपी पोस्ट घानिए के बेट में बीएसएफ जवानों द्वारा आज पाकिस्तान की तरफ़ से आ रहे ड्रोन को फायरिंग कर गिराया गया। जिसके बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान बीएसएफ जवानों को ड्रोन के साथ बंधा हुए हेरोइन के 4 पैकेट (क़रीब 3 किलो) बरामद हुए। जिसकी पुष्टि डीआईजी बीएसएफ गुरदासपुर प्रभाकर जोशी ने की और उन्होंने बताया कि जो पाकिस्तानी ड्रोन गिराया गया है वह 9 किलो भार उठाकर 15 किलोमीटर तक उड़ सकता है ।

# अरुणाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश में भूकंप के झटके




**गुवाहाटी, 19 फ रवरी 2023(ए)।** अरुणाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। बताया जा रहा है कि अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में दोपहर 12 बजकर 12 मिनट पर भूकंप का झटका लगा, जबकि मध्य प्रदेश के इंदौर में दोपहर 1 बजे झटके महसूस हुए।

एक आधिकारिक बुलटेन के मुताबिक, अरुणाचल प्रदेश में रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.8 मापी गई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भूकंप दोपहर को 12 बजकर 12 मिनट पर आया, जिसका केंद्र भूटान सीमा के पास पश्चिम कामेंग में था और इसकी गहराई जमीन से 10 किमी नीचे थी।

धार में भी आया भूकंप

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र इंदौर से 150 किलोमीटर दूर धार में था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.0 मापी गई।

बता दें कि भूकंप के झटके अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी हिस्से के साथ-साथ असम के मध्य और उत्तरी क्षेत्र में महसूस हुए। इसके अलावा भूकंप के पूर्वी हिस्से में भी झटका लगा। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के तत्काल बाद किसी के भी घायल होने की कोई खबर नहीं मिली और न ही संपत्ति को कोई नुकसान पहुंचा।रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में अक्सर भूकंप आता रहता है, क्योंकि यह हिस्सा उच्च भूकंपीय क्षेत्र में आता है।

गुजरात में 3.2 तीव्रता का आया था भूकंप

इससे पहले गुजरात में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। फरवरी की शुरुआत में गुजरात में 3.2 तीव्रता का भूकंप आया था। इंस्टीट्यूट ऑफ सीस्मोलॉजिकल रिसर्च ने बताया था कि भूकंप की गहराई 3.2 किमी दर्ज की गई थी।

भूकंप आने पर तत्काल प्रभाव से करें ये काम

भूकंप की स्थिति में भागादौड़ी से बचना चाहिए और तत्काल प्रभाव से खुले मैदान की ओर जाना चाहिए।

भूकंप के दौरान हमेशा सबसे सुरक्षित जगह की तलाश करनी चाहिए। किसी बिल्डिंग, पेड़ या खंभे का पास नहीं खड़ा होना चाहिए।

जो लोग घर के अंदर मौजूद हो वे तुरंत किसी बेड, सोफे या टेबल के नीचे छिप जाएं।

## ट्रांस पुरुष और महिला के बीच हुआ विवाह चर्चाओं में



### ब्राह्मण पुजारी, पवित्र अग्नि और मंगलसूत्र सब गायब,

**चेन्नई, 19 फरवरी 2023 (ए)।** तमिलनाडु में एक ट्रांस पुरुष और एक महिला के बीच हुआ विवाह चर्चाओं से घिर गया है। 14 फरवरी को हुई इस शादी के बंधन में बंधे वाले अरुण फैज़ और अरुणा देवी ने इसे 'सेल्फ-रेस्पेक्ट मैरिज' के रूप में रजिस्टर किया गया है।

सेल्फ रेस्पेक्ट मैरिज तमिलनाडु में होने वाला एक विशेष विवाह है जिसमें पंडित की जरुरत नहीं होती। यह विवाह एक ऐसा विवाह है जिसमें ब्राह्मण पुजारी, पवित्र अग्नि, सप्तपदी और मंगलसूत्र शामिल नहीं होते हैं।

इस विवाह को वैध बनाने वाला तमिलनाडु एकमात्र राज्य है। 1967 में, पूर्व मुख्यमंत्री सीएन अन्नादुरई ने तमिलनाडु में स्वाभिमान विवाह को वैध कर दिया और यह 1968 में एक अधिनियम बन गया। बातचीत में अरुण ने कहा कि उन्हें छह महीने पहले प्यार हो गया और फिर शादी करने का फैसला किया।

हालांकि इनके फैसले का परिजनों ने काफी विरोध भी किया। इसके बाद दोनों ने वकील बी.बी. मोहन से संपर्क किया, जिन्होंने उन्होंने मणिधाम फाउंडेशन से मिलाया। फाउंडेशन ने दोनों के विवाह को संपन्न कराने में मदद की जिसे 16 फरवरी को आधिकारिक रूप से मान्यता मिल गई।

**पेरियार से थी प्रभावित**

नवविवाहित जोड़ा पेरियार के आदर्शों का पालन करता है जिनसे प्रेरित होकर उन्होंने सेल्फ-रेस्पेक्ट मैरिज करने का फैसला किया। अरुण का मानना है कि इस तरह से उन्होंने उत्पीड़न की बेड़ियों को तोड़ा है। हालांकि अभी भी उन्हें समाज में आने वाली कई कठिनाइयों का सामना करना है। दोनों जोड़े अपनी शादी के बाद बेहद खुश हैं।

# संपादकीय

## सरकार की जांच सरकारी कमेटी करेगी!

अदानी समूह बनाम हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट का मामला दिलचस्प हो गया है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में फिर से इस पर सुनवाई होगी। यह दिलचस्प इसलिए है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट में अभी तक सिर्फ एक पहलू पर सुनवाई हुई है। दो वकीलों- एमएल शर्मा और विशाल तिवारी ने अलग अलग याचिका दायर की है, जिसमें निवेशकों के हितों की रक्षा की बात तो है लेकिन साथ ही हिंडनबर्ग रिपोर्ट की भी जांच कराने की मांग की गई है और इसके अलावा हिंडनबर्ग रिसर्च की मंशा पर सवाल उठाते हुए उसकी भी जांच की मांग की गई है। अभी तक जो दो सुनवाई हुई है वह निवेशकों के हितों पर फोकस है।

पिछली सुनवाई में केंद्र सरकार के सॉलिसीटर जनरल ने कहा कि सरकार निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाने के सुप्रीम कोर्ट के सुझाव से सहमत है और सरकार की ओर से सीलबंद लिफाफे में समिति के सदस्यों के नाम सौंपे जाएंगे। सोचें, मामला सरकार और नियामकों की गड़बड़ियों या उनकी लापरवाही का है और जो कमेटी बनेगी, उसके सदस्यों के नाम भी सरकार और नियामक यानी सेबी की ओर से सुझाए जाएंगे! अगर गड़बड़ी सरकार की है और लापरवाही सेबी की तो जांच किसी स्वतंत्र संस्था द्वारा कराया जाना चाहिए। अदालत को खुद कमेटी बनानी चाहिए। किसी पूर्व जज को जांच की जिम्मेदारी देनी चाहिए और खुद उसकी निगरानी करनी चाहिए।

यह मामला सिर्फ शेयर बाजार में एक कंपनी के कथित तौर पर गड़बड़ी करके पैसे कमाने का नहीं है, बल्कि कई तरह से आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने का है। यह तकनीकी जांच का भी मामला है क्योंकि आरोप धन शोधन का भी लग है। जो कमेटी बनेगी वह निवेशकों के हितों के उपाय सुझाएगी लेकिन काला धन शेयर बाजार में निवेश करने के आरोपों की जांच कौन करेगा? अगर भारत से काला धन दुनिया के टैक्स हैवन देशों में गया है और वहां से निवेश या कर्ज की शक्ल में एक कंपनी के पास आया है या शेयर बाजार में लगा है तो उसकी जांच यह कमेटी कैसे करेगी?

उसी तरह से एक बड़ा सवाल यह है कि भारतीय स्टेट बैंक और जीवन बीमा निगम ने कैसे उस कंपनी में इतना बड़ा निवेश किया और कंपनी की कथित गड़बड़ियों के खुलासे के बाद इन दोनों सार्वजनिक उपक्रमों को जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई कौन करेगा? आखिर इन कंपनियों का पैसा भी तो आम लोगों का पैसा है! क्या यह उम्मीद की जा सकती है कि सरकार जो कमेटी बनाएगी या जिन लोगों के नाम सुझाएगी वे लोग वस्तुनिष्ठ तरीके से इन सारे मसलों की जांच कर पाएंगे? शुक्रवार को होने वाली सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में इस बारे में और स्पष्टता आएगी। यह अच्छी बात है कि अदालत निवेशकों के हितों की रक्षा पर ध्यान दे रही है लेकिन साथ ही जो आरोप लगे हैं उनकी स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच के बारे में भी सोचना चाहिए।

## लड़की खानदानी

पितामह ने बात छेड़ी गांव  
-घर कहां किसी को भा रहे।  
सब छोड़ शहर में बसे जा रहे।  
हमें तो गांव की सौंधी मिट्टी ही प्यारी हैं।  
इतने पर लड़के ने पितामह के बात को  
काटते हुए टोका-टोकी शुरू कर दी।  
गांव में क्या है ना एजूकेशन है,ना हॉस्पिटल है,  
ना किसी प्रकार का संसाधन हैं।  
यही सोच के हम सब  
कुछ बेच-बाच के शहर में बस गए।  
लड़की के चाचा धीरे-धीरे आंख मिचते।  
जब दो बड़े बुजुर्ग बात कर रहे हो  
तो बीच में नहीं टोकते।  
लड़की वाले घर की ओर प्रस्थान कर गए।  
लड़की के पिता ने कहा शान- शौकत में कोई  
कमी नहीं दिखी।  
चट मंगनी-पट ब्याह कर दीजिए।  
पितामह बड़े गम्भीर स्वर में बोल गए।  
लड़का ना तो संस्कारी है  
ना ही खानदानी।  
पढ़-लिख लेने से किसी की  
जात नहीं बदलती।



**ज्योति सिंह**  
लार, देवरिया, उत्तरप्रदेश

# हिंडनबर्ग रिपोर्ट : यूं ही ऐतबार ठीक नहीं

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने झटके में अडाणी के साम्राज्य को तबाह कर दिया। चंद ही दिनों में दुनिया के रईसों की सूची में शीर्ष दूसरे स्थान से अडाणी 21वें स्थान पर पहुंच गए।

रिपोर्ट के असर को देखते हुए कहा जा सकता है कि ऐसी रिपोर्टे किसी भी कंपनी को बर्बाद कर सकती हैं क्योंकि आरोपित को खुद को निर्दोष साबित करना होता है, जोकि आसान नहीं होता।

अधिकांश निवेशक नकारात्मक खबर से बदहवास हो जाते हैं। वे भीड़ के साथ चलते हैं। रेटिंग एजेंसियां भी भीड़ के साथ चलती हैं। वैंकि रेटिंग एजेंसी मूडी'ज ने 13 फरवरी, 2023 को अडाणी समूह की 4 कंपनियों के आउटलुक को स्टेबल से निगेटिव कर दिया है। सवाल है कि क्या पहले यह एजेंसी सो रही थी? हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से निवेशक इतने आतंकित हो गए कि अडाणी समूह के प्रमुख उपक्रम अडाणी इंटरप्राइजेज के शेयर अपने सार्वजनिक निर्गम के आधार मूल्य से नीचे चले गए और अडाणी समूह को उन्हें वापस लेना पड़ा। विश्लेषक कह रहे हैं कि अडाणी समूह के शेयरों का मूल्यांकन पहले से ही ज्यादा था। गिरावट के बाद उनकी वास्तविक कीमत सामने आई है, लेकिन सवाल है कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद ही अडाणी समूह के शेयर अपनी वास्तविक कीमत पर क्यों आए? निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को कहना पड़ा कि अडाणी समूह की वित्तीय स्थिति मजबूत है, और किसी निवेशक को डरने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने यह भी कहा कि अडाणी के बैंक ऋण डिफाल्ट होने की आशंका नहीं है क्योंकि अडाणी समूह ऋण की किस्त एवं ब्याज समय पर चुका रहा है। लिहाजा, भारतीय बैंकों के डूबने का खतरा नहीं है। चूंकि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का 31 दिसम्बर, 2022 तक अडाणी समूह में 35,917.31 करोड़ रुपये का निवेश था और इसकी कुल संपत्ति 36 लाख करोड़ रुपये की है, इसलिए एलआईसी के डूबने का अंदेशा बेबुनियाद है। भारतीय स्टेट बैंक ने अडाणी समूह को 27 हजार करोड़ का ऋण दिया है, जो इस बैंक की पूंजी का महज 0.88 प्रतिशत है। पंजाब नेशनल बैंक ने समूह को 7000 करोड़ का ऋण दिया है, जबकि जम्मू-कश्मीर बैंक ने 250 करोड़ का ऋण अडाणी समूह को दिया है। सभी बैंकों का कर्ज स्टैंडर्ड है, और कंपनी समय पर किस्त एवं ब्याज बैंकों को चुका रही है। वैश्विक ब्रोकरेज फर्म सीएसएलए के अनुसार अडाणी समूह पर कुल 2 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है, जिसमें से भारतीय बैंकों की हिस्सेदारी 80 हजार करोड़ रुपये से कम है, जिसमें निजी बैंकों की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत है। वैश्विक फर्म जेफरीज के अनुसार अडाणी समूह को दिया गया कर्ज नियामकों द्वारा तय दिशा-निर्देशों के अनुरूप है। रिजर्व बैंक ने भी




साफ किया है कि भारतीय बैंकों ने दिशा-निर्देशों के तहत समूह को कर्ज दिए हैं।

सवाल है कि भारतीय और विदेशी बैंकों ने तय दिशा-निर्देशों के अंतर्गत अडाणी समूह को ऋण दिए हैं, और अडाणी समूह बैंकों को समय पर किस्त और ब्याज का भुगतान कर रहा है, तो क्यों कहा जा रहा है कि भारतीय बैंकों द्वारा अडाणी समूह को दिए गए ऋण डूब जाएंगे? बता दें कि न्यूयॉर्क शहर में अवस्थित हिंडनबर्ग अनुसंधान करने वाली छोटी सी कंपनी है, जो शेयर, क्रेडिट और डेरिवेटिव बाजार का विश्लेषण करती है। श्रीनाथन एंडरसन ने 2017 में इसकी स्थापना की थी। यह मोटे तौर पर अनुसंधान के जरिए कॉरपोरेट धोखाधड़ी उजागर करने का काम करती है। इसने 25 जनवरी, 2023 को जारी एक रिपोर्ट जारी में कहा कि अडाणी समूह बीते कई सालों से शेयरों में और कंपनियों की बैलेंसशीट में हेराफेरी करके निवेशकों और कर्ज प्रदाताओं के साथ धोखाधड़ी कर रहा है। यह रिपोर्ट अडाणी इंटरप्राइजेज के 200 करोड़ के एफपीओ लाने से ठीक पहले जारी की गई। लिहाजा, हिंडनबर्ग की मंशा पर भी सवाल हैं? मार्च, 2020 तक देश में कुल 4.09 करोड़ डीमैटखाते थे, जो अगस्त, 2022 में बढ़कर 10 करोड़ हो गए। एनएसडीएल और सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 10.05 करोड़ डीमैटखाते हैं, जो बताते हैं कि बड़ी संख्या में निवेशक शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं।

अडाणी मामले में बड़ी संख्या में निवेशकों को नुकसान होने की वजह से यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में चला गया। अदालत ने शेयर बाजार के लिए नियामकीय तंत्र को और मजबूत बनाने पर जोर दिया ताकि निवेशकों को नुकसान नहीं उठाना पड़े। यह सही भी है, क्योंकि सटोरियों की वजह से छोटे निवेशकों को शेयर बाजार में आये दिन नुकसान उठाना पड़ता है। अदालत ने केंद्र सरकार को एक विशेषज्ञ समिति गठित करने के लिए भी कहा। शेयर बाजार का नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) है, जो सूचीबद्ध कंपनियों की गतिविधियों पर नजर रखता है। कोई सूचीबद्ध कंपनी सेबी के साथ किए गए करारनामा से इतर काम करती है, तो सेबी उस पर कार्रवाई करती है। सेबी कृत्रिम तरीके से शेयरों की कीमतों को बढ़ाने या नीचे गिराने वाले दलालों पर भी लगाम लगाती है।

शेयर का अर्थ होता है हिस्सा। शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों को शेयर ब्रोकर की मदद से खरीदा-बेचा जाता है यानी कंपनियों के हिस्सों की खरीद-बिक्री की जाती है। शेयर बाजार में ब्रांड, म्युचुअल फंड और डेरिवेटिव भी खरीदे-बेचे जाते हैं। सूचीबद्ध कंपनी पूंजी उगाहने के लिए शेयर जारी करती है। जितना निवेशक शेयर खरीदते हैं, उतना उनका कंपनी पर मालिकाना हक हो जाता है। निवेशक अपने हिस्से के शेयर को ब्रोकर की मदद से शेयर बाजार में कभी भी बेच सकते हैं। ब्रोकर इसके लिए निवेशकों से कुछ शुल्क लेते हैं। किसी कंपनी के कामकाज का मूल्यांकन ऑर्डर मिलने-नहीं मिलने, नतीजे बेहतर रहने, मुनाफा बढ़ने-घटने, आयात या निर्यात होने-नहीं होने, कारखाने या फैक्ट्री में कामकाज ठप पड़ने, उत्पादन घटने-बढ़ने, तैयार माल का विपणन नहीं होने, कंपनी के बारे मीडिया में अच्छी-बुरी खबर के प्रचार-प्रसार आदि के आधार पर किया जाता है, और इसी आधार पर शेयरों की कीमतों में उतार-चढ़ाव आता है। आम तौर पर अर्थतंत्र की समझ न होने या कंपनी की वित्तीय स्थिति से अनभिज्ञ होने या लालच की वजह से निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ता है। मौजूदा समय में निवेशकों को किसी रिपोर्ट पर ऐतबार करने की जगह खुद से मामले के गुण-दोष का आकलन करना चाहिए खासकर तब, जब अडाणी समूह को दिए गए कर्ज में लगभग 60 प्रतिशत की हिस्सेदारी विदेशी बैंकों की है, और अभी तक रिपोर्ट की सत्यता साबित नहीं हुई है।

**सतीश सिंह**

# परीक्षा के समय पढ़ाई के तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दे

### योजनाबद्ध तरीके से करें परीक्षा की तैयारी

हम सभी अपने जीवन कभी न कभी परीक्षा की चुनौती से अवश्य ही गुजरे होंगे परीक्षा की तपिस कठोर से कठोर लोहा को भी कंपा देता है, परीक्षा का नाम सुनते ही मन में एक अजीब डर का एहसास होने लगता है, यह डर कभी कम; तो कभी ज्यादा होकर मन को तनाव में डाल देता है और परीक्षा के समय यह तनाव छात्रों अवसाद में डाल देता है इस अवसाद के कारण छात्र पढ़ा हुआ भी भूल जाता है इस कारण परीक्षा के दौरान अच्छे से अच्छे विद्यार्थियों को चिंतित होते हुए देखा जा सकता है साल भर पढ़ाई करने के बाद भी कई छात्रों के औसतन कम परिणाम आते हुए देखा जा सकता है; इसका एक मात्र कारण है पढ़ाई के समय पढ़ा तो गया गया, परन्तु समय-समय पर इसे दुहराया नहीं जाना द्य इस कारण से पढ़ा गया पाठ या अवधारणा का अपनी स्मृति में कुछ समय बाद धुंधलापन आ जाता है, इसे समय पर दुहराना याने अपने सीखे पाठ को पक्का करना अति आवश्यक है परीक्षा एक ऐसा समय होता है जब साल भर की पढ़ाई एवं तैयारी को मात्र चंद घंटो में कागजों में उतार कर आपने आप को साबित करना होता है द्य इस समय में छात्रों को चिंतित एवं तनाव में न आकर सतर्क रहना चाहिए और योजनाबद्ध तरीकों से अपनी पढ़ाई को करना चाहिए उन्हें अपने छोटे-छोटे लक्ष्यों बनाकर उसे हासिल करते रहना चाहिए जिससे वह अपनी पढ़ाई का पूरा लाभ ले सके

**परीक्षा की तैयारी करने के लिए कुछ बातो का ध्यान देना आवश्यक है नीचे कुछ आवश्यक एवं उपयोगी नुस्का बताया गया है जिससे आप अपनी परीक्षा की तैयारी को और अधिक सशक्त बना सकते है**

### पढ़े हुए पाठ को दुहराना, रिविजन करना :-

हमारा मस्तिक एक ऐसा तंत्र है जिसमे ढ़ेरो स्मृति को संरक्षित किया जा सकता है, परन्तु इसका एक और गुण यह है कि यह समय के साथ पुरानी स्मृति को भुला देना नई स्मृति को रखना एवं पुरानी स्मृति को भूलने से हमारा मस्तिक एक सुपर कंप्यूटर की तरह कार्य करता है हमारी स्मृति को ताजा करने के लिए दुहराव बहुत ही जरुरी कार्य है इस कार्य से हम अपने सीखे गए पाठ को और अधिक एवं लम्बे समय तक याददास्त में रख पाते है द्य इसलिए परीक्षा के समय में कोई नया पाठ पर ज्यादा फोकस न करके पहले पढ़ा हुआ पाठ को दुहराना आवश्यक हो जाता है

### पढ़ाई का टाइम टेबल बनाये:-

पढ़ाई करना और उसमे सफल होना दोनों अलग-अलग मुद्दा है बहुत से लोग पढ़ाई तो करते है परन्तु उसमे सफल नहीं होते है, इसलिए ऐसी पढ़ाई का कोई मूल्य नहीं होता है पढ़ाई करने का सबसे अच्छा उपाय योजनाबद्ध तरीका से पढ़ाई करना है पढ़ाई करने के लिए एक सरल टाइम टेबल बनाना चाहिए, और इस टाइम टेबल के अनुसार अपने विषय की तैयारी करनी चाहिए द्य इससे अपने सभी विषयों एवं आवश्यक जरुरी पाठ को समय दिया जा सके एवं सभी विषयों को सामान रूप से तैयार किया जा सके

### छोटे नोट्स बनाये :-

बड़ी से बड़ी अवधारणाओं को समझने के लिए उसकी एक छोटी नोट्स बनाना परीक्षा के समय पढ़ाई के लिए एक महत्वपूर्ण साधन होता है आप जो भी पढ़ रहे है उसका एक छोटे नोट्स जरुर बनाये ताकि रिविजन के लिए ये नोट्स हमें अपनी स्मृति को ताजा करने के लिए एक कुंजी का काम करें छोटी नोट्स बड़ी अवधारणाओं को कम समय में समझने के लिए काफी अच्छी प्रेक्टिस हो सकती है

### पढ़ाई में थोड़ा ब्रेक लें :-

परीक्षा के समय देखा गया है कि परीक्षा की तैयारी करने में छात्र ज्यादा से ज्यादा समय पढ़ाई के




लिए देने लग जाते है इस समय परीक्षार्थी के मन में होता है लगातार पढ़ाई करके सब कुछ सीखा जा सके द्य परन्तु लगातर पढ़ने करने के कारण आपको नीरसता आ सकते है पढ़ाई में उचित ध्यान का केन्द्रित होना आवश्यक होता है, परन्तु लगातार पढ़ाई करने से थकान हो सकती है एवं पढ़ाई में नीरसता हो सकती है इसलिए पढ़ाई के बीच में थोड़ा ब्रेक लेना चाहिए जिससे आपका शरीर और मन दोनों को ताजगी मिल सके और आपका मन रेफ्रेस होकर दुबारा ध्यान केन्द्रित कर पढ़ाई में मन लगा सके ध्यान रहे कि ब्रेक में ज्यादा समय मोबाइल को देने से बचे

### पढ़ाई के लिए शांत जगह और उचित वातावरण :-

बेहतर पढ़ाई करने और उसको देर तक याद रखने के लिए सबसे साधन होता है- शांत एवं एकांत वातावरण या जगह का होना द्य परीक्षा के समय की पढ़ाई बहुत ही महत्वपूर्ण होती है, यह वह समय होता है जब पढ़ाई का सारा याद किया हुआ पाठ हमारी स्मृति में होना ही चाहिए इस समय पढ़ाई के लिए बहुत जरुरी है कि आप जहाँ पढ़ रहे हो वह स्थान पढ़ाई के लायक हो यानी उस स्थान में किसी अनावश्यक व्यवधान न हो पढ़ाई का स्थान एकांत एवं शांत होना चाहिए जिससे कि आपकी पढ़ाई के समय कोई व्यवधान न आये; बार-बार का व्यवधान आपकी पढ़ाई में खलल डाल सकती है द्य आपका मन पढ़ाई से भटक सकता है

### पिछले सालों के प्रश्न पत्र जरुर पढ़ें :-

परीक्षा के समय तैयारी के लिए यह बात समझनी बहुत महत्वपूर्ण हो जाती कि प्रश्नपत्र के पैटर्न को समझना पिछले सालो के पेपर यह पेटर्न को समझने में हमारी मदद कर सकते है साथ की प्रश्न किस प्रकार से आते है सिलेबर्स से कितने प्रश्न सीधे एवं कितने घुमावदार आते है आदि की समझ के लिए पुराने पेपर की समझ एक महत्वपूर्ण तैयारी का हिस्सा हो सकता है यदि आपकी तैयारी पूरी हो गई है तो किसी एक साल का पुराना पेपर लेकर मोक प्रेक्टिस कर सकते है इससे स्वयं का मूल्यांकन भी हो जाएगा कि हम परीक्षा के लिए कितने प्रतिशत तैयार हो पायें है

### अपने फ़ोन एवं इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स से बनाये दूरी बनाये :-

आज के समय में फ़ोन हमारी एक महत्वपूर्ण आवश्यकता के रूप में उभरकर सामने आया है, परन्तु पढ़ाई के समय में फ़ोन हमारी पढ़ाई में बाधा का काम कर सकता है, इसलिए पढ़ाई के समय में फ़ोन से दूरी बनाना ही सबसे सही उपाय हो सकता है पढ़ाई के समय निर्धारित करे कि फोन को बंद रखे या उचित दूरी में रखे जिससे सहज ही हमारा ध्यान उस और न जाये द्य यदि आपके पास फोन है तो आप पढ़ाई के बीच में फ़ोन में उलझ सकते है और आपका समय पढ़ाई में न होकर फ़ोन और अन्य एप्लीकेशन में जा सकता है और आपका याक महत्वपूर्ण समय बर्बाद हो सकता है, उस समय आपके लिए एक-एक क्षण कीमती होता है इसे फालतू के काम में न उलझाये

### परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण ध्यान देने वाली बातेः-

पढ़ाई का दबाव सबसे ज्यादा परीक्षा के 1 दिन पहले होता है ध्यान रखे कि यह वह समय है जो आपने पहले पढ़े है उसको और अधिक पक्का करना न कि कोई नई अवधारणा की तैयारी करना द्य इसलिए कोई नई अवधारणों की पढ़ाई करने की अपेक्षा, आपने जो पहले पढ़ा है उसको दुहराना ही समय का सबसे अच्छा उपयोग है इस समय रटे नहीं बल्कि समझ बनाकर पढ़ना आवश्यक है क्योकि रटे हुए पाठ परीक्षा के समय भूल जाने का खतरा होता है, इससे बचे द्य आप जो भी पढ़ रहे है उसे एकदम स्पष्ट पढ़े न की आधे अधूरे ध्यान व ज्ञान के साथ बहुत बार ऐसा होता है कि आपने सब पढ़ लिए पर याद कुछ नहीं हुआ, ऐसी पढ़ाई से बचे

परीक्षा के समय छोटी अवधारणा एवं सरल प्रश्नों को हल करे न की बड़े प्रश्नों को बड़े प्रश्नों को पहले हल करने का मतलब इन प्रश्नों में ज्यादा समय देना जिससे आपके छोटे प्रश्न छूटने की संभावना बढ़ जाती है आसानी से किये जाने वाले प्रश्नों से आपको एक सकारात्मक माहौल बनाने एवं आगे के प्रश्नों को हल करने का ज्यादा मौका मिलता है द्य परीक्षा के एक दिन पूर्व कम से कम 6 घंटो की नींद अवश्य ले, परीक्षा के लिए स्वस्थ्य मन एवं तरोताजा दिमाग का होना अति आवश्यक है उचित नींद आपके मन को आराम एवं तरोताजा बनाने में सहायक होगा यदि आपने उचित नींद नहीं ली है तो परीक्षा के समय में आलस, नींद, उवासी, ऊँघना आदि आने से परीक्षा में अनावश्य व्यवधान आ सकता है

इन बातों को ध्यान रखकर परीक्षा की तैयारी करने से विद्यार्थी को आवश्यक लाभ होगा, और अपने अच्छे परीक्षा परिणानों के लिए तैयार हो पाएंगें।



**श्याम कुमार कोलारे**  
छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश

# बुरा व्यवहार : जब करने लगे अपने ही छेड़खानी

घर में सगे संबंधियों द्वारा की जाने वाली छेड़छाड़ की घटना में अक्सर कम उम्र के बच्चे शिकार होते हैं क्योंकि उनके अंदर समझ नहीं होती है कि अच्छा क्या है? बुरा क्या है? और उन्हें इस बात की समझ नहीं होती है उनके अपने उनके साथ कैसा व्यवहार कर रहे है? घर में होने वाली छेड़खानी से तंग आकर कम उम्र के बच्चे जिसमें लड़कियों के साथ अब लड़के भी सुरक्षित नहीं है जो हीनभावना का शिकार होते हैं।

बाहर होने वाली रेप की घटनायें आए दिन सुनने को मिलती है, लेकिन घर में किसी सदस्य द्वारा होने वाली रेप के बारे में किसी को पता नहीं चलता है वह अपने घर के बच्चों को बहला कर गलत व्यवहार करते हैं और उनका मुँह बंद रखने के लिए उन्हें धमकी देते हैं और वो बच्चे डरें सहमे किसी से भी गलत होने वाली घटना के बारे में बताने से पीछे हटते है, परिणामस्वरूप एक मानसिक दुराचार के साथ शारीरिक दुराचार भी सहते है वो बच्चें। उनका शोषण होता रहता है लेकिन बेशर्मी की हद पार करने वाले लोगों को जरा सी भी लज्जा नहीं आती है कि वह कितना बड़ा दुष्कर्म कर रहे है। अक्सर अखबार में दिखने वाली बलात्कार की घटनायें हम सभी को परेशान करती है और जब इस तरह की घटनायें होती हैं तो लोग कैंडल मार्च करते हैं आवाज उठाते हैं रेपिस्ट को सजा देने की मांग करते हैं लेकिन धीरे-धीरे यह सभी गतिविधियां शांत हो जाती है और रोजाना की तरह सभी अपने अपने कार्य में मग्न हो जाते हैं और यदि रेपिस्ट पकड़ा भी जाए तो घर में रहने वाले रेपिस्ट से बच्चों की रक्षा कौन करें? जहाँ महिलायें भी सुरक्षित नहीं है वही रिश्तों को दाग लगाते हुए पुरुष वर्ग कहीं ना कहीं रिश्तों की मर्यादा को तोड़कर महिला की आबरू लूट लेते हैं और इस तरह के केस पुलिस के सामने आ भी नहीं पाते हैं। कई बार लोक लाज के डर से इस प्रकार के मामलों को घर में ही निपटा दिए जाते हैं लेकिन सवाल यही उठता है कि इन सब को बढ़ावा देने वाले कौन है? ये केवल हमारे समाज के लोग होते हैं जो बढ़ावा देते हैं यदि कोई गलत के प्रति आवाज उठाए तो समाज में होने वाली घटनाओं को रोका जा सकता है। अपने ही लोग गलत व्यवहार करने वाले लोगों को बचा लेते हैं ऐसे में उन लोगों को बढ़ावा ही मिलता है और उनके हौसले बढ़ते चले जाते हैं। गलत तरीके से छूने वाले और गलत इशारें करने वाले लोग भी उतने ही दोषी है जितने रेप करने वाले! ऐसे कई मां-बाप होते हैं जो गलत का पता होने के बावजूद भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से हिचकिचाते हैं। घरेलू छेड़छाड़ के मामले में ज्यादातर मां-बाप उसे ढकने का प्रयास करते हैं बच्चे इस मामले में बहुत डरे हुए होते हैं जिसकी वजह से उनके बर्ताव में भी बदलाव आने लगता है। औरतों को अक्सर घरेलू हिंसा से बहुत कुछ सहना पड़ता है लेकिन घरेलू हिंसा पर भी होने वाली शिकायतें अक्सर पुलिस थाने में दर्ज नहीं हो पाती है तो छेड़खानी के मामले तो दूर की बात है।



जब घर में हो रहे गलत चीजों का विरोध करके उस आदमी के खिलाफ कोई कदम उठाए तो इस प्रकार की घटनायें होने से बच सकती है, लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जो यह चाहते हैं कि यदि घर का कोई व्यक्ति गलत कर रहा है तो उसे गुप्त रखकर बातों को भूल जाने की सलाह देते हैं और इस प्रकार गलत चीजों को बढ़ावा मिलता रहता है। यदि अपने सगे संबंधियों को इतना बढ़ावा देंगे तो इस प्रकार एक दूसरे से संबंध भी बिगड़ेंगे और यदि किसी प्रकार का कोई सच आसपास के लोगों को पता भी चल जाए तो इससे बचने के लिए लोग बातों को गुप्त रखते हैं। ऐसे में बच्चे हो या स्त्रियाँ उनका विश्वास अपने परिवार से उठ जाता है क्योंकि कम उम्र में होने वाले इस प्रकार के गलत बर्ताव से आप उन्हें बचा नहीं पाते तो बच्चों का भरोसा मां बाप के ऊपर से भी उठ जाता है। यदि बच्चा उदास रहने लगता है तो प्रेम से उस बच्चे के पास जाकर उदास होने का कारण पूछना चाहिए। बच्चें के डर को शांत करें, उसके साथ हो रहे अन्याय को खत्म करने के लिए सभी को एकजुट होना चाहिए और गलत करने वाले को कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए पुलिस के हवाले करके चाहे वह लड़की हो! या लड़का! दिन वा दिन किसी प्रकार का भी बदलाव नजर आए तो प्रेम से पूछने का प्रयास कीजिए। आपके प्रेम भरे शब्दों से वह बच्चा या बच्ची आपको अपने मन की बात बता देंगे। अक्सर बच्चों को परिवार में किसी का सबसे ज्यादा सपोर्ट चाहिए है तो वह केवल मां बाप होते हैं और बच्चे अपने मां बाप से सब कुछ कहने के लिए सहज होते हैं यदि मां बाप ही बच्चों को गलत समझेंगे तो अपने मन की बात बच्चे किससे कहेंगे? इसलिए गलत होने वाले हर मुद्दे पर बच्चें की बात जरूर सुने और उनकी समस्याओं का निवारण करें। हिंसा चाहे घरेलू हो या बाहरी सभी गलत करने वाले लोगों को सजा मिलनी चाहिए ताकि किसी प्रकार का भी दुराचार करने से दुष्कर्मी घबराएँ। चुप्पी तोड़कर किसी भी प्रकार की समस्याओं का हल निकाला जा सकता है अपने बच्चों को गलत टच से बचाए मुश्किल हालातों में सदैव उनके ढाल बनकर खड़े रहे।



**पूजा गुप्ता**  
मिर्जापुर  
उत्तर प्रदेश

## इससे ज्यादा की तो चाहत नहीं

इससे ज्यादा की तो चाहत नही  
तमाम खुशियाँ मिल जाये तुझे  
गम का साया ना छु पाये तुझे  
इससे बड़ी कोई अब राहत नही  
इससे ज्यादा की तो चाहत नही  
खिलती रहें बागो मे सदा सुमन  
महकती रहें जिससे सदा चमन  
नादानीयों की जहाँ बसाहट नही  
इससे ज्यादा की तो चाहत नही  
वादें वफाओं का सिलसिला रहे  
जीवन मे अब ना कोई गिला रहे  
रंजो गम का भी कोई आहट नही  
इससे ज्यादा की तो चाहत नही  
मानव-मानव मे प्रेम विशेष हो  
इस जगत मे ना कोई क्लेश हो  
किसी के लिए बौखलाहट नही  
इससे ज्यादा की तो चाहत नही  
आँखें भी अब तो प्रेम से ही भरे  
पलकों की जहाँ लगा रहे पहरे  
झूठी कोई अब मुस्कुराहट नही  
इससे ज्यादा की तो चाहत नही

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**  
धमतरी  
छत्तीसगढ़

## आदमी के भीड़ में आदमी खो गया है

आदमी के भीड़ में  
आदमी खो गया है  
है कौन वह  
जानना मुश्किल हो गया है  
यहाँ दिल भी  
कहाँ किसी का मिलता है  
इसलिए अपना भी  
अनजाना हो गया है।  
यह आदमी कितना  
लापरवाह हो गया है  
अपनों से जुदा जुदा  
बेपरवाह हो गया है  
किसे कहें अपना हम,  
बेरहम जमाने से  
कभी अपना था  
वह भी पराया हो गया है।  
आदमी से आदमी  
अब मतलबी हो गया है  
आदमियत खत्म हुई,  
वह आदम हो गया है  
यहां कहां कैसे ? ढूंढे  
उस भले को भीड़ में  
जहां तमाम मंजर  
बेसूरत सा हो गया है।  
यहां तो नाता-रिश्ता भी  
बेजुबान हो गया है  
दिलों का रिश्ता भी  
अपमानित हो गया है  
अपनापन जताएं तो  
अब किसके सामने  
यह आदमी ही तो  
अब बेईमान हो गया है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



**अशोक पटेल आशु**  
शिवरीनारायण  
छत्तीसगढ़

## त्र्यंबकम ही त्र्यंबकम

आज पुलकित हो रहा हूं,  
देख कर भोले तुम्हें,  
श्वांसें भी अब जप रही हैं,  
त्र्यंबकम ही त्र्यंबकम ।  
आज पुलकित ....  
लोग कहा करते हैं जब-तब,  
रोद्र रूप है भोले का,  
हमने खुद छू कर देखा है,  
कितना शीतल छागल-सा।  
आज पुलकित ....  
वो भोले हैं भाव के भूखे,  
हम क्यूं हैं उनसे ही रूठे,  
मुस्कानों के पट तुम खोलो,  
भोले संग फिर नाता जोड़ो।  
आज पुलकित .....  
पवन खिलखिला रही है देखो,  
भोले का आभास हुआ,  
लगता है भोले की चितवन,  
देख मेरा दिन खास हुआ।  
आज पुलकित ...  
कदम अगर दो साथ चलेंगे,  
भोले-भोले नाथ कहेंगे,  
भोले अंतर्यामी इतने,  
सब जन्मों का भाग पढ़ेंगे ।  
आज पुलकित....  
अंतस में जब मिल जाएगा,  
त्र्यंबकम का जाप हमारे,  
एक रस सब हो जाएगा,  
भोले का जन-जन ये सारा।  
आज पुलकित .....

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**  
इन्दौर,मध्यप्रदेश

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# साइबर अपराध के मद्देनजर आईजी ने गूगल को नोटिस जारी करने दिया निर्देश




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

गूगल के जरिए वर्तमान समय में नई तकनीकी के ठगी-धोखाधड़ी एवं सायबर के जरिए हो रहें अपराधों को संज्ञान में लेते हुए आईजी सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग ने गूगल को नोटिस जारी करने हेतु निर्देश दिये।

द गूगल सर्च इंजन के जरिए बहुत से लोगों को ठगा जाता है। जब भी किसी को किसी कंपनी या वित्तीय संस्थान या किसी संगठन का कस्टमर केयर नंबर खोजने की आवश्यकता होती है, तो वह गूगल पर उसका नाम टाईप करता है। सर्च रिजल्ट उस संगठन का संपर्क नंबर दिखाता है जिसे उस व्यक्ति द्वारा सही मान लिया जाता है। जब वह उस नंबर पर कॉल करता है, तो कॉल रिसीव करने वाला व्यक्ति उससे व्यक्तिगत विवरण या ओटीपी साझा करने या मोबाइल पर कुछ एप्लिकेशन इंस्टॉल करने के लिए कहता है। कॉल करने वाले को लगता है कि वह संगठन के प्रतिनिधि के साथ जानकारी साझा कर रहा है, जबकि वास्तव में वह एक फ्रॉड से बात कर रहा होता है जो कॉल करने वाले का फोन हैक कर उसकी मेहनत की कमाई हड़प लेता है। भारत में कई लोगों के साथ ऐसा हुआ है।

गूगल इस तरह के फ्रॉड में अपनी कोई जिम्मेदारी नहीं लेता और पुलिस के कहने पर उस सर्च रिजल्ट को ब्लॉक कर देता है, तब तक जालसाज कई व्यक्तियों को ठग चुका होता है। इसलिए गूगल को अपने सर्च एल्गोरिथम को संशोधित करना चाहिए ताकि खोज परिणामों की प्रामाणिकता बनी रहे, और लोगों की गाढ़ी कमाई के साथ धोखा न हो।

गूगल के जरिए हो रहे ठगी के शिकार एवं सायबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग ने गूगल को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं । और साथ ही रेंज आईजी द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि कृपया इस प्रकार की साइबर धोखाधड़ी से सावधान रहें और किसी भी संगठन का संपर्क नंबर या ईमेल आईडी प्राप्त करने के लिए गूगल परिणामों पर विश्वास न करें।

## नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार



अंबिकापुर, 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

लखरपुर पुलिस ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना क्षेत्र की एक नबालिग लड़की खेत की ओर गई थी। इस दौरान ग्राम गोरता निवासी अमृत ड्क्षसह करयिाम ने नबालिग के साथ छेड़छाड़ करने लगा। वह किसी तरह वहां से भाग कर घर पहुंची और मामले की जानकारी परिजन को दी। परिजन ने मामले की रिपोर्ट लखनपुर थाने में दर्ज कराया था। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर तलाश कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी अमृत सिंह करियाम निवासी गोरता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी लखनपुर डॉ. प्रशांत देवांगन, सहायक उप निरीक्षक डेविड मिंज, अरुण गुप्ता प्रधान आरक्षक. मुक्तिलाल तिर्की, अनिल कामरे, शिवशंकर सिंह, आरक्षक सुयश पैकरा, अशोक सिंह, देवेंन्द्र सिंह , संजीत मांझी, जानकी राजवाड़े, दशरथ राजवाड़े, ज्ञान तिग्गा एवं साइबर सेल का विशेष योगदान रहा।




# छत्रपति शिवाजी की जयंती पर संघ के पदाधिकारियों ने किया माल्यार्पण

अंबिकापुर, 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

छत्रपति शिवाजी महाराज कि जयंती मनाया गया। छत्रपति शिवाजी संघ द्वारा स्थानीय गुजरी चौक पर स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने छत्रपति शिवाजी के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान मुख्य रूप से निलेश सिंह, संजय सोनी, अनिल जयसवाल, राजेश सिंह, गोधनपुर शौलेश सिंह, निश्चल प्रताप सिंह, विकास वर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, विनोद सिंह भदोरिया, वेदांत तिवारी, किशोर सिंह बघेल, हिमांशु सिंह, नरेंद्र बारी, देव वर्मा, अनमोल सिंह, विशाल सिंह, शैलेंद्र वर्मा, यश राज सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, वैभवी सिंह, यामी सिंह, अभिषेक वर्मा, माही वर्मा उपस्थित थे।

# संकल्पों से संसार का सुंदर उपक्रम है अणुव्रत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

संकल्पो से संसार का सुंदर उपक्रम है अणुव्रत। अणु अर्थात छोटा नियम । जन जन में मानवीय मूल्य को प्रतिस्थापित करने का पवित्र उद्देश्य से भारत के महान संत आचार्य तुलसी अणुव्रत अनुशास्ता है। जिन्होंने आध्यात्मिक मार्ग दर्शन दिया है। अणुविभा के संक्षिप्त नाम से लोकप्रिय अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी अणुव्रत आंदोलन की प्रतिनिधि संस्था है। जो संयुक्त राष्ट्र संघ के सिविल सोसायटी विभाग से सम्बन्ध एक वैश्विक संस्थान है। अणुविभा के नेतृत्व मे लगभग 200 समिति व अणुव्रत मंच के हजारों कार्यकर्ता के माध्यम से आन्दोलन की गतिविधियों को विस्तार देते है । स्थानीय समिति अम्बिकापुर के अध्यक्ष राजरूपजी छाजेड ने बताया कि अणुव्रत आन्दोलन के 75 वे वर्ष हीरक जयंती के रूप में अणुव्रत महोत्सव 21फरवरी से 12 मार्च 2024 तक चलेगा। मंत्री धनपतजी महनोत ने बताया रैली एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस के आयोजन से सैकड़ों स्थानों पर अणुव्रत महोत्सव का भव्य आगाज किया जा रहा है।

कार्यक्रम की संयोजक ममोल कोचेटा ने बताया अतिथियो द्वारा अणुव्रत झंडा फहराकर अमृत रैली का आगाज जैन मंदिर से होगा। इस रैली मे सामजिक संगठन एवं विद्यालय के बच्चे कॉलेज के विद्यार्थियों हर जाति धर्म की सहभागिता होगी। रैली अणुव्रत दर्शन को मुखरित हुई अणुव्रत आचार संहिता का दर्शन कराएगी। प्रचार प्रसार मंत्री हनुमान डागा ने बताया रैली मे तख्ती झांकी आकर्षण का केंद्र होंगे। कोषाध्यक्ष राजकुमार मालू ने बताया रैली अणुव्रत गीत से प्रारंभ होगी। रैली जैन मंदिर से दोपहर 1बजे प्रस्थान करेगी। रैली मे तेरापंथ धर्म संघ के तेरापंथ सभा के अध्यक्ष मनोज डागा, सचिव किशोर सुराना,एवं सदस्य, महिला मण्डल अध्यक्ष संगीता जैन सहित सभी बहने, युवक परिषद के अध्यक्ष पवन कोठारी सचिव महावीर सेठिया,सहित सभी सदस्य रहेंगे। संरक्षक तोलाराम मालू ने सभी से आग्रह किया है अधिक से अधिक संख्या में आकर रैली को ऐतिहासिक बनाये।

# महाशिवरात्रि पर अजिरमा में शिव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

अजिरमा कृषि महाविद्यालय रोड़ में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास श्रध्दा भक्ति पूर्वक मनाई गई। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए गए एवं आकर्षक श्रृंगार पूजा अर्चना की गई जहां समस्त शिव भक्ति के लिए भव्य विशाल प्रसाद के रूप में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रवासियों द्वारा तन मन धन से सहयोग प्रदान किया गया। आयोजन क्षेत्रवासियों व मंदिर समिति अजिरमा के तत्वावधान में किया गया। शिव मंदिर समिति द्वारा समस्त क्षेत्रवासियों से विशाल भंडारे में सहयोग सेवा प्रदान कर महाशिवरात्रि के अवसर पर पधारने पर आग्रह किया गया। प्रति वर्ष अनुसार महाशिवरात्रि पर्व पर हजारों की संख्या में शिव भक्ति ग्राम अजिरमा में स्थित शिव मंदिर में महादेव का दर्शन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया गया । शिव मंदिर विकास सेवा समिति के अध्यक्ष कमल कांत सेन ,हरिशरण राजवाड़े, राहुल श्रीवास्तव, अतुल यादव, बालचंद सिंह पैकरा, मनीष सोनी,रूपेश गुप्ता, शतीश सोनी, पिलखा एक्का, अमित सोनी, सहित अन्य बहुत सारे लोग शिव भक्ति की उपस्थिति में पूरे विधि-विधान से बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना श्री नागेश्वर द्विवेदी जी द्वारा संपन्न कराया गया। इसके बाद हवन पूजन कर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिव भक्ति को प्रसाद वितरित किया गया जो देर रात तक जारी रहा।



# बड़ादेव महापूजन एवं युवा सम्मेलन का ग्राम हरिहरपुर में हुआ आयोजन

उदयपुर, 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत साल्ही के आश्रित ग्राम हरिहरपुर में बड़ी हर्षोल्लास के साथ बड़ादेव महापूजन एवं युवा सम्मेलन का आयोजन हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय जयनाथ सिंह केराम जी राष्ट्रीय प्रवक्ता गोंगपा एवं विशिष्ट अतिथि संजय सिंह कमरो जी गोंगपा प्रदेश अध्यक्ष छ.ग.एवं रघुनाथ मरकाम जी आदिवासी नेशनल पीपुल फेडरेशन उपाध्यक्ष छ. ग. के गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता नवल सिंह वरकड़े जी गोंगपा जिलाध्यक्ष जिला सरगुजा तथा मंच संचालन विजय सिंह कोर्राम सरपंच ग्राम पंचायत साल्ही के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे से बड़ादेव पेन ठाना में भूमका, बैगाओं के द्वारा गोंडी विधि विधान से गांव के देवी देवताओं एवं बड़ादेव जी का सेवा गोंगो (पूजा अर्चना) किया गया तत्पश्चात पारम्परिक लोक नृत्य बायर (गौरा) ढोल नगाड़ा के साथ कलश यात्रा निकाली गई। तथा नृतक दलों द्वारा पारंपरिक वेश-भूषा के साथ मनमोहक प्रस्तुती देते हुए समां को बांधे रखा। तत्पश्चात सायं 5:0 बजे से 7:00 बजे तक कार्यक्रम में दूर दराज से पधारे सभी अतिथियों को जलपान (भोजन) कराया गया । तत्पश्चात वक्ताओं के द्वारा सभा उद्बोधन किया गया । उद्बोधन के पश्चात् रात्रि कालीन में गोंडवाना तूफान भानू रंगीला जी के द्वारा समाज को जगाने, प्रेरित करने हेतु रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का छटा बिखेरते हुवे गीत संगीत के माध्यम से पेनवासी दादा हीरा सिंह मरकाम जी के संदेशों एवं विचारों को समाज के लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किए हज़ारों की संख्या में उपस्थित रहे।जिस कार्यक्रम में उदयपुर एवं लखनपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में उपस्थित होकर समाज को आर्थिक समाजिक सांस्कृतिक राजनैतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में आगे आने हेतु संकल्पित हुए तथा युवाओं में नई क्रान्ति का आगाज हुआ कार्यक्रम का आयोजन गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन के बैनर तले किया गया ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बालसाय कोर्राम उमा सिंह सरूता रघुनाथ मरकाम श्रवण सिंह वरकड़े रामलखन सिंह कोर्राम गोविंद सिंह वरकड़े देवेन्द्र पन्द्राम चंदन सिंह पोर्ते मोहर साय कोर्राम मंगल साय मरपच्ची ठाकुर ओरकेरा गनेश्वर सिंह टेकाम श्रीपाल पोर्ते चन्द्रभान सोरी अवधेश पैकरा इन्द्र देव उर्रे रैमुनिया करियाम मतिबाई पोर्ते मसत राम कमरों मदन सिंह करियाम रामजीत आरमोर अम्बिका पोर्ते सुखनंदन पोर्ते मुन्शीप्रसाद पोर्ते आलेख मराबी तेजूराम पोर्ते खेम साय कोर्राम सजन ओरकेरा देवसिंह ओरकेरा सीता राम पोर्ते सुन्दरी टेकाम कंचन देवी कोर्राम सीमा कोर्राम ठाकुर कोर्राम ठाकुर ओरकेरा रघुनाथ ओरकेरा धरम सिंह मरपच्ची अर्जुन ओरकेरा धनसाय पावले इन्द्रजीत कोर्राम एवं आस पास के सरपंच पंच सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी तथा समाज के सगाजन हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

# गोंडवाना पब्लिक स्कूल का मना वार्षिक उत्सव



सूरजपुर, 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

प्रत्येक वर्ष कि भांति इस वर्ष भी गोंडवाना पब्लिक स्कूल में उत्सव के रूप में छोटे छोटे बालक बालिकाओं के द्वारा कर्मा नृत्य,शैला, सुआ, नाटक, रिकार्डिंग डांस, कार्यक्रम बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति किया गया। और इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच लालकेश्वर सिंह सरुता ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए शिक्षा के बारे में अवगत कराया।कि शिक्षा जीवन का एक अंग है। जीवन में शिक्षा बहुत जरूरी है। बच्चों के नृत्य से खुश होकर सरुता के द्वारा सभी को संमानित पुरुस्कार, दिया और गेट, शौचालय के लिए सिमेंट,ईटा, देने का घोषणा किया है।और कार्यक्रम में एक आलमारी सहयोग दिये है। सरुता के कार्य को देखकर समस्त ग्राम वासियों ने काफी प्रशंसा करते हुए बधाई दिये। और इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष धरम सिंह सरुता, बहादुर सिंह सरुता, नितिश कुमार केवट, मजदूर कांग्रेस इंटक जिला महामंत्री,जनपद सदस्य परमेश्वर सिंह ओरकेरा ,शिव मंगल सिंह मोरा ,रविनारायण सिंह आरमो , गणेश, उमेश्वर सिंह, हरनारायण, देवब्रत,जीतन राम,राम प्रसाद मरकाम, घरभरन, मोहन सिंह,सकल सिंह, घनश्याम मरावी, कन्हैया लाल, लक्ष्मी सिंह,मनी राम,ईशाक ख.ान, बरकत खान,मनोहर,भागवत,राम दिन, चेतन ठाकुर, सोनकेलिया सरुता, रविन्द्र, लक्ष्मी सिंह,किरन सिंह,गीता ठाकुर,भदर सिंह, पिन्टु,विनय दास,और स्कूल स्टाफ, प्रधान पाठक शिवपाल दास,कौशिल्या पोया, अनिता सरुता, नमिता ,स्वाती सरुता, व कार्यक्रम का संचालन दिपक कुमार सोनी के द्वारा किया गया।

## भूपेश सरकार पुलिस के दम पर भाजपा कार्यकर्ताओं को डराना बंद करेः बाबूलाल अग्रवाल

सूरजपुर, 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सरकार के ईशारे पर पुलिस द्वारा आंदोलनकारी भाजपा कार्यकर्ताओं पर एफआईआर करना सरकार की घोर हताशा को दिखाता है।बस्तर मे भाजपा कार्यकर्ताओं की नृशंस नक्सली हत्या के विरोध में गत दिनों भाजपा ने प्रदेशव्यापी बंद व चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया था।जिसके बाद प्रदेश सहित सूरजपुर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं पर भी पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किए जाने को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कड़ी निंदा की है।उन्होंने पुलिस कार्रवाई को सरकार के ईशारे किया गया राजनीतिक षडयंत्र बताया।श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपने सहयोगी कार्यकर्ताओं की शहादत व्यर्थ नही जाने देगा हम पुलिस कार्रवाई से डरने वाले नही है।सरकार हर मोर्चे पर विफल है इसलिए किसी भी आंदोलन को पुलिस के दम पर कुचलना चाहती है।छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार प्रदेश हो रहे विभिन्न राजनीतिक व कर्मचारी संगठनों के आंदोलन से डरी हुई है।वादा खिलाफी व झूठे वादे कर सरकार मे आई कांग्रेस अब जवाब देने भाग रही है।सरकार का खुफिया तंत्र बिल्कुल ध्वस्त हो गया है राजधानी रायपुर व बिलासपुर में सरेराह चाकू बाजी की घटनाएं हो रही है। सत्ता दल के विधायक पुलिस थानो के दो से पांच लाख तक रेट का खुलासा कर पुलिस के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं।



# कलयुगी बेटे ने डंडे से पीट कर पिता को उतारा मौत के घाट,मां भर्ती

अंबिकापुर, 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलयुगी पुत्र ने रविवार की अहले सुबह डंडे से मार कर अपने पिता को मौत के घाट उतार दिया। वहीं मां को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।



जानकारी के अनुसार बुधराम मझवार उम्र 55 वर्ष गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सुखरी का रहने वाला था। इसका इकलौता बेटा भरोस शनिवार की पूरी रात गांव में ही था। तीन बजे भोर में घर आया और दरवाजा खोलवाया। मां फुलकुंवर दरवाजा खोली और बेटे से पूरी राह कहां थे पूछी। इससे नाराज बेटा ने मां को मारने लगा और कहा कि सब को जान से मार दुंगा। इस दौरान महिला ने सो रहे पति बुधराम को उठाकर बाड़ी की ओर भागा दिया। इस दौरान सनकी बेटा देख लिया और मोटी लकड़ी से पिता पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान बीच बचाव कर रही मां को भी मार कर जख्मी कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर परिवार व पड़ोसी पहुंचे और दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। यहां इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई जबकि मां का इलाज चल रहा है।

# दियागढ़ मेले में घूमने आए मॉ-बाप से बिछड़ी बच्ची,पुलिस ने चंद घंटों में 25 हजार लोगों की भीड़ के बीच बच्ची को बरामद कर परिजनों को सौंपा,परिजनों ने पुलिस का किया धन्यवाद

**» खोजबीन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी व जवान होंगे पुरस्कृतःपुलिस अधीक्षक**

- संवाददाता -
सूरजपुर, 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

महाशिवरात्रि पर अपने परिजनों के साथ पूजा तथा मेला घुमने के लिए रामानुजनगर क्षेत्र अन्तर्गत स्थित दीयागढ़ पहुंचे मॉ-बाप से बच्ची बिछड़ गई जिसकी सूचना पर पुलिस ने तत्परतापूर्वक खोजबीन प्रारंभ करते हुए करीब 25 हजार लोगों की भीड़ के बीच बालिका को खोज निकाला और उसे सकुशल परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने महाशिवरात्री पर्व पर जिले के सभी प्रमुख शिवालयों तथा मेला स्थल पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा बंदोबस्त लगाया था। थाना प्रेमनगर क्षेत्र अन्तर्गत एक परिवार अपने 7 वर्षीय बालिका के साथ पूजा-अर्चना तथा मेला घुमने के लिए दीयागढ़ पहुंचे थे इसी बीच बालिका अपने परिजन से बिछड़ गई थी। परिजनों ने ड्यूटी में मुस्तैद पुलिस अधिकारियों को इसकी सूचना दी जिसके बाद फौरन पुलिस ने खोजबीन प्रारंभ किया।




महाशिवरात्री पर्व पर मेला स्थल का जायजा लेने पहुंचे पुलिस अधीक्षक को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी व थाना रामानुजनगर के पुलिस को तत्परता के साथ गुम बच्ची की खोजबीन कर दस्तयाब करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस गुम बालिका के पिता से बच्ची की फोटो की मांग किए जाने पर उसने अपने मोबाईल में बच्ची की तस्वीर दिखाया। पुलिस ने मेला में बड़ी संवेदनशीलता के साथ भारी भीड़ के बीच गुम बच्ची की खोजने में सफल रही। पुलिस ने बच्ची को भीड़ में रोता हुआ पाया जिसे चॉकलेट व खाने की चीजे दिलाते हुए उसके परिजनों के पास लाया गया। बच्ची के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस को कार्यो को सराहा और धन्यवाद दिया। इस दौरान थाना प्रभारी रामानुजनगर विपिन लकड़ा, एसआई मनी प्रसाद राजवाड़े, प्रधान आरक्षक जयप्रकाश कुजूर, सैनिक बाबुलाल व दिनेश यादव सक्रिय रहे।

खोजबीन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी व जवान होंगे पुरस्कृत।

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने गुम बालिका को संवेदनशीलता के साथ भारी भीड़ के बीच खोजबीन कर उसके परिजनों तक सकुशल पहुंचाने में तत्परतापूर्वक कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व जवानों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# कलेक्टर हो तो एमसीबी जिले जैसा,वरना ना हो,विधायक की तारीफ में ऐसे गढ़े कसीदें कि मंच पर बैठे नेता भी रह गए आश्चर्यचकित








- रवि सिंह -
मनेंद्रगढ़ 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

चुनावी वर्ष में भी कांग्रेस की अंदरूनी कलह खत्म होने के बजाय बढ़ती नजर आ रही है कोरिया जिले से अलग होकर नवीन जिला बन गया नवीन जिले में एक नहीं दो-दो विधानसभा आते हैं इसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय आयोजित कार्यक्रम अमृतधारा महोत्सव में एक विधायक की उपेक्षा की गई ऐसा नजर आया, जिसे लेकर चर्चा का बाजार गर्म दिख रहा है, इस कार्यक्रम में एक विधायक का ही बोलबाला दिखा दूसरे विधायक इस कार्यक्रम में अनुपस्थित दिखे, अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब यह कार्यक्रम जिला स्तरीय था वहां पर दोनों विधायकों की उपस्थिति क्यों नहीं हो पाई? यह प्रशासनिक कमजोरी थी या फिर दोनों विधायकों की आंतरिक कलह? अब ऐसे में सवाल ये उठता है क्या अब कोई भी कार्यक्रम जिला स्तरीय ना होकर विधानसभा स्तरीय होना चाहिए? महोत्सव का कार्यक्रम भी अब जिला स्तरीय नहीं हर विधानसभा के हर विधायक के अनुसार उनके क्षेत्र में होना चाहिए तब जाकर सभी विधायकों को मान-सम्मान बराबर मिल पाएगा।

### कलेक्टर का एक विधायक के तारीफ में कसीदे पढ़ना कितना सही ?

इस समय एमसीबी जिले में एक चर्चा आम है और वह चर्चा है कि कलेक्टर हो तो एमसीबी जिले जैसा या तो ना हो, ऐसा इसलिए कह रहे हैं लोग क्योंकि जिला स्तरीय अमृतधार महोत्सव के कार्यक्रम में एक विधायक की उपेक्षा हुई वहीं एक विधायक के कसीदे पढ़ते नजर आए, कलेक्टर साहब अब यदि के कसीदे पड़ेंगे तो ऐसा लगता है कि आगामी तीन चार साल इसी जिले का कलेक्टर बने रहेंगे? क्या यही सोच के साथ उनकी तारीफ के पुल बांधते दिखे कलेक्टर साहब? एक विधायक के लिए मनेंद्रगढ़ जिले में आयोजित अमृत महोत्सव के उद्घाटन समारोह में जिले के कलेक्टर पीएस ध्रुव ने तारीफो के पुल बांधे, सोनहत के विधायक गुलाब कमरो को संबोधित कर स्वागत भाषण ऐसा दिया कि मंच पर बैठे नेता भी उन्हें देखते रह गए। दरअसल, अधिकारियों का एक प्रोटोकॉल होता है। बंद कमरे में अधिकारी भले ही जो भी कर लें, मगर सार्वजनिक समारोहों में मंत्री, विधायक के सम्मान में इस तरह तारीफों के पुल नहीं बांधते। वीडियो देखकर आप भी सोच में पड़ जाएंगे कि छत्तीसगढ़ में ये हो क्या रहा है। कलेक्टर साहब विधायकों को गरीबों का हितैषी, जन-जन का मसीहा बता रहे थे, उस दौरान मंच पर विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत और उनकी सांसद पत्नी बैठी हुई थी... वे भी कलेक्टर को देखते रह गए। कलेक्टर के भाषण से सोनहत के विधायक गुलाब कमरो इतने जोश में आ गए कि भारत जोड़ो सांग पर अकेले ही मंच पर झूम पड़े।

» क्या विधानसभा वार होगा महोत्सव तब जाकर जनप्रतिनिधियों को मिल पाएगा मान सम्मान?
» अमृतधारा महोत्सव को लेकर 2 विधायकों के बीच दिख रही आपसी तकरार
» अमृतधारा महोत्सव कार्यक्रम में उपेक्षित हुए मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल
» मनेंद्रगढ़ विधायक का महोत्सव कार्यक्रम के विज्ञापन व पोस्टरों से फोटो हुआ गायब कार्यक्रम में भी नहीं हुए उपस्थित
» मनेंद्रगढ़ विधायक की उपेक्षा को लेकर सोशल मीडिया में चर्चाओं का बाजार गर्म
» विधायक गुलाब कमरों अगली सरकार में बन सकते हैं मंत्री, वही विनय जायसवाल की टिकट कटने की उम्मीद हुई तेज

### प्रशासन के विज्ञापन से भी विधायक विनय का फोटो गायब

अमृतधारा महोत्सव जिला स्तरीय कार्यक्रम था जिसमें दोनों विधायकों की उपस्थिति जरूरी थी, प्रशासन इस कार्यक्रम को करोड़ों रुपए खर्च कर आयोजित किया पर करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी प्रशासन की आलोचना देखने को मिली और सिर्फ चूक रही कि दोनों विधायकों को एक समान मानना ना देना, प्रशासन के विज्ञापन से भी मनेंद्रगढ़ विधायक की फोटो गायब होना भी विधायक की उपेक्षा करा दी, ऐसा लगा कि विधायक की उपेक्षा में प्रशासन भी उतना ही भागीदार था जितना कि उस विधानसभा के स्थानीय विधायक। प्रशासन ने भी जिस विधानसभा में कार्यक्रम आयोजित हुई उसे ज्यादा महत्व दिया ऐसा लगा कि प्रशासन विधानसभा स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया है, जबकि कार्यक्रम जिला स्तरीय था इसलिए दोनों विधायक को बराबर मान सम्मान मिलनी थी प्रशासन ने भी कहीं न कहीं एक विधायक को ही मान सम्मान दिया दूसरे की उपेक्षा कर दी।

### क्या 2023 डॉ विनय के लिए होगा सुखद

वर्ष 2023 जो चुनावी वर्ष भी होगा वह क्या मनेद्रगढ़ विधायक के लिए सुखद होगा। वैसे हाल फिलहाल में जो घट रहा है वह देखकर लगता नहीं की मनेद्रगढ़ विधायक के लिए यह वर्ष सुखद होने वाला है। अपने ही जिले में अपने निवास स्थल से बिल्कुल करीब अयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिस तरह उनकी उपेक्षा हुई उसे देखकर लगता नहीं उनके लिए सबकुछ बेहतर होने जा रहा है।

विधायक नंबर 1 गुलाब कमरों को सरकार वापसी पर मिल सकता है मंत्रिमंडल में जगह- भरतपुर सोनहत विधायक को अगली बार सरकार बनने पर मंत्रीमंडल में जगह मिल सकता है यह लगने लगा है। जिस प्रकार उनका कद बढ़ता जा रहा है और जिस प्रकार उनकी मुख्यमंत्री से करीबी बढ़ी हुई नजर आ रही है यह कहना गलत नहीं होगा की उनका कद आगे और बढ़ेगा और सरकार बनने पर लालबत्ती कि सवारी वह कर सकेंगे।

### विधायक नंबर 1 व विधायक नंबर 2 के बीच क्या आंतरिक कलह हो गई है तेज

विधानसभा क्रमांक 1 और विधानसभा क्रमांक 2 के विधायको के बीच आंतरिक कलह तेज हो गई है यह अमृत महोत्सव में नजर आया जहां बैनर व पोस्टरों से मनेद्रगढ विधायक नजर आए। जीतने भी बैनर पोस्टर लगे हुए थे सभी में भरतपुर सोनहत विधायक ही केवल देखे गए और उन्हीं की तस्वीर नजर आई जबकि जिले में दो दो विधायक हैं और दोनो की तस्वीर बैनरो में होनी चाहिए थी।

### विधायकों की आपसी तकरार आयोजन में सामने से नजर आई

भरतपुर सोनहत विधायक एवम मनेंद्रगढ़ विधायक की आपसी तकरार अमृत महोत्सव में सामने से नजर आई जहां भरतपुर सोनहत विधायक के ही बैनर पोस्टर आयोजन में लगे नजर आए जबकि जिले में दो विधायक हैं। जैसा की माना जा रहा है की यह निर्देश भरतपुर सोनहत विधायक का ही निर्देश प्रशासन को हो सकता है जिसकी वजह से मनेद्रगढ़ विधायक की कार्यक्रम में उपेक्षा की गई। माना यह भी जा रहा है की श्रेय की होड़ जो जिला बनाने को लेकर है उसमे भरतपुर सोनहत विधायक खुद को आगे रखना चाह रहें हैं और इसी वजह से वह नहीं चाहते जिला स्तरीय किसी आयोजन में मनेद्रगढ़ विधायक को किसी प्रकार का कोई महत्व मिले। वैसे ऐन चुनाव के वक्त विधायकों का आपसी मनमुटाव कहीं पार्टी के लिए और आने वाले समय में सरकार लिए कोई गंभीर चुनौती न खड़ा कर दे जिससे सरकार ही संकट में आ जाए।

### विधानसभा अध्यक्ष क्षेत्रीय सांसद की उपस्थिति में मनेद्रगढ विधायक की हुई उपेक्षा

विधानसभा अध्यक्ष एवम क्षेत्रीय सांसद की उपस्थिति में मनेद्रगढ़ विधायक की उपेक्षा हुई है। अमृत महोत्सव में स्वयं विधानसभा अध्यक्ष एवम क्षेत्रीय सांसद उपस्थित थीं एवम बैनर एवम पोस्टर से एक विधायक की तस्वीर गायब थी। बड़े नेताओं ने भी मामले में दोनो विधायकों को आपसी मनमुटाव समाप्त करने की न ही समझाइश दी और न समझौता कराने की कोशिश की। कुल मिलाकर आपसी मनमुटाव में बड़े नेताओं ने हस्तक्षेप कर सुलह कराने की कोशिश किए बिना कार्यक्रम में शिरकत की और लौट गए।

# गाँधी जी के जीवन मूल्य समूची मानवता के लिए पथ प्रदर्शक हैं:कुलपति शंभूनाथ शुक्ल

» लाहिड़ी महाविद्यालय में महात्मा गाँधी और हमारा समय विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

» देश भर से आये विद्वानों ने गाँधीवादी मूल्यों और जीवन दर्शन पर लाहिड़ी महाविद्यालय में किया विचार विमर्श
» एसईसीएल महाप्रबंधक श्रीवास्तव ने महाविद्यालय के कला संकाय व कार्यालय भवन के रंग रोगन,मरम्मत के साथ महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण की घोषणा







- संवाददाता -
चिरमिरी/एमसीबी,19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी के महात्मा गाँधी मूल्य अनुशीलन और नैतिक विकास केंद्र तथा आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 17 फरवरी को महात्मा गाँधी और हमारा समय विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त संगोष्ठी में कुल चार सत्र आयोजित किए गए जिनमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के आमंत्रित विद्वान प्राध्यापकों, शोधार्थियों ने अपने विचार साझा किए। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रोफेसर राम शंकर कुलपति पण्डित शम्भूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल ने कहा कि महत्मा गांधी विश्व पटल पर भारत की आवाज बनकर उभरे थे, उन्होने जिन मूल्यों को स्थापित कर अपने जीवन में प्रयोग किया वे समूची मानवता के लिए युगों युगों तक पथ प्रदर्शन करते रहेंगे। मुख्य वक्ता प्रोफेसर मनोज कुमार राय प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष गाँधी एवं शान्ति अध्ययन विभाग महात्मा गाँधी अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी विश्व विद्यालय वर्धा ने कहा कि गाँधी जी का सम्पूर्ण जीवन दर्शन महान और सुन्दर मनुष्यता का निर्माण करने के लिए है। गांधी का दर्शन भारतीयता के निर्माण का दर्शन है। अति विशिष्ट अतिथि मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल ने कहा कि महत्मा गांधी भारत की आत्मा को जानने वाले राजनेता थे। उन्होने जिस राम राज्य का सपना देखा था उसका निर्माण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उद्घाटन सत्र में अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर भागवत प्रसाद दुबे ने कहा कि भारत के स्वाधीनता संग्राम में गांधी जी का योगदान अविस्मरणीय और अतुलनीय है, आजाद भारत में अन्तिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाकर ही हम गाँधी के संकल्प को पूरा कर सकते हैं। इससे पहले उद्घाटन सत्र में अतिथियों का स्वागत भाषण और विषय प्रवर्तन करते हुये संगोष्ठी के संरक्षक और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राम किंकर पाण्डेय ने कहा कि महाविद्यालय के लिये यह हर्ष और गौरव की बात है कि आज चिरमिरी में देश के प्रतिष्ठित विद्वानों और अध्येताओं की उपस्थिति में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हो रहा है । यह संगोष्ठी युवाओं को गाँधी जी के मूल्यों से जोड़ने में सहायक होगी। उद्घाटन सत्र का संचालन संगोष्ठी के संयोजक और महाविद्यालय के अन्ग्रेजी विभागाध्यक्ष चंदन सोनी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन आईक्यूएसी प्रभारी सुभाष चन्द्र चतुर्वेदी ने किया।

संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में डॉ पुनीत कुमार राय विभागाध्यक्ष हिन्दी शासकीय महाविद्यालय शंकरगढ़ ने महात्मा होने का अर्थ, गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर से आये डॉ रमेश गोहे ने गाँधी के सपनों का भारत, राजीव गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर से आए डॉ पियूष कुमार पाण्डेय ने सर्वोदय- विकास का गांधीमार्ग,विषय पर अपना व्याख्यान दिया।द्वितीय सत्र की सत्राध्यक्ष शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेंद्रगढ़ की प्राचार्य डॉ सरोज बाला स्याग बिश्नोई रहीं जबकि सत्र का संचालन वनस्पति शास्त्र के विभागाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष प्रेमा कुजूर ने किया। संगोष्ठी के तृतीय सत्र में डॉ अजय पाल सिंह राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने वैश्वीकरण के दौर में स्वदेशी का सवाल, विनीत कुमार गुप्त ने सामाजिक समरसता और गांधी, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना मध्य प्रदेश से आये हुये डॉ विनोद कुमार विश्वकर्मा ने उत्तर आधुनिकता और गांधी का जीवन दर्शन तथा शहीद केदारनाथ शासकीय महाविद्यालय मऊगंज जिला रीवा मध्यप्रदेश के डॉ प्रदीप कुमार विश्वकर्मा ने गांधी का सुराज विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। तृतीय सत्र की सत्राध्यक्ष डॉ रजनी सेठिया विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी रहीं। उक्त राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन सत्र में मुख्य अतिथि नवनीत श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल चिरमिरी क्षेत्र रहे जबकि समापन सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राम किंकर पाण्डेय ने की। विषय विशेषज्ञ के रूप में कलिन्गा विश्वविद्यालय रायपुर के डॉ अजय कुमार शुक्ल ने गांधी की संवाद धर्मीता तथा राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर के डॉ उमेश कुमार पाण्डेय ने गांधी का भाषा चिंतन विषय पर अपने विचार साझा किये। समापन सत्र के मुख्य अतिथि का स्वागत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राम किंकर पाण्डेय ने किया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि की आसन्दी से बोलते हुए श्री श्रीवास्तव ने महात्मा गाँधी को सदी का सबसे बड़ा विचारक बताया। उन्होने कहा कि महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने गांधी जी को जिस महामनव के रूप में रेखांकित किया था आज वह अक्षरशः सत्य साबित हो रहा है। मुख्य महाप्रबंधक ने महाविद्यालय के युवा विद्यार्थियों को गांधी जी बताये मार्ग पर चलने की सलाह दी। इस अवसर पर उन्होनें लाहिड़ी महाविद्यालय में एस ई सी एल द्वारा पूर्व में निर्मित महाविद्यालय के कला संकाय भवन और कार्यालय भवन के रंग रोगन और मरम्मत की घोषणा के साथ ही महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की भी घोषणा की जिसके लिये उपस्थित छात्र छात्राओं ने एस ई सी एल जी एम का तालियों की गड़गडाहट से आभार व्यक्त किया। समापन सत्र का संचालन संगोष्ठी के आयोजन सह सचिव डॉ उमाशंकर मिश्रा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन संगोष्ठी के आयोजन सचिव और प्राणी शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ राज किशोर सिंह बघेल ने किया। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के प्राध्यापकों और शोधार्थियों ने प्रतिभागिता की। संगोष्ठी को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

# कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया दिल्ली में बेस्ट आरटीआई कार्यकर्ता का अवार्ड ले कर लोट रहे डी के सोनी का पटना में हुआ भव्य स्वागत

» हील द वर्ल्ड फाउंडेशन का डीके सोनी को छत्तीसगढ़ का प्रदेशध्यक्ष भी बनाया गया

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

ह्यूमन प्राइड्स ग्रुप के द्वारा कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया दिल्ली में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देश में अलग अलग फील्ड में अच्छा कार्य करने वालो को निमंत्रण दिया गया था जिसमे आरटीआई के छेत्र में छ?त्तीसगढ़ में अच्छा कार्य करने के कारण डीके सोनी को भी निमंत्रण दिया गया था डीके सोनी के द्वारा छ?त्तीसगढ राज्य में आरटीआई



कार्यकर्ता के रूप मे अनेको जनहित के कार्य करने के कारण तथा सरगुजा आदिवासी बाहुल्य जिले में किए गए सामाजिक और आरटीआई से जनहित के मुद्दो को उठाने, उच्च न्यायालय, और सर्वोच्च न्यायालय में कई जनहित याचिका लगाने के संबंध में किए गए कार्य के कारण ह्यूमन प्राइड्स ग्रुप के द्वारा डी के सोनी को बेस्ट आरटीआई कार्यकर्ता का अवार्ड 13 फरवरी 2023 को दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में मिस इंडिया 2013 सिमरन आहूजा, जूनियर बिग बी अरविंद अरोड़ा, तथा भारतीय नमो संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथो डीके सोनी को बेस्ट आरटीआई कार्यकर्ता का अवार्ड दिया गया। जिसके बाद दिल्ली 19 फरवरी 2023 रविवार को वापस आते समय पटना में सोनी समाज व अन्य लोगों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया और उन्हें इस उपलब्धि की बधाई दी गई, इस दौरान जनपद सदस्य बिहारी लाल राजवाड़े, सोनी उत्थान समाज के जिलाध्यक्ष शंकर सोनी, युवा जिला अध्यक्ष सुजीत सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सोनी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष विजय सिंह, आरटीआई कार्यकर्ता अरविंद, आशीष अग्रहरी, अमित पांडे, रामकुमार, राजेश कुशवाहा, विनोद शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

हील द वर्ल्ड फाउंडेशन की नींव रखी गई जिसमें डीके सोनी को छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर कार्य करने के कारण मिली डीके सोनी को जिम्मेदारी, ज्ञात हो की हील द वर्ल्ड फाउंडेशन का आगाज हुआ है और डी के सोनी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए, सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर कार्य करने के कारण मिली जिम्मेदारी, दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब आफ इंडिया में 13 फरवरी 2023 को हील द वर्ल्ड फाउंडेशन की नींव रखी गई। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक लोकसभा सांसद सुनील सोनी, ओम जी सोनी डायरेक्टर, एस आर ज्वेलर्स, गुजरात प्रेसिडेंट मोहित हिंदुस्तानी, ह्यूमन प्राइड ग्रुप के चेयरमैन डॉ राकेश गोयल, लायंस क्लब के प्रेसिडेंट डॉ गौरव गुप्ता,केन्या के डिप्टी अंबेसडर पैट्रिक, बीजेपी नेता व फाउंडेशन के जनरल सेक्रेटरी मुकेश वर्मा, डॉ रवि कुमार, मिस इंडिया सिमरन आहूजा, छत्तीसगढ़ के प्रेसिडेंट एडवोकेट डी के सोनी, मिस यूनिवर्स 2022 हरियाणा शैलजा चौहान, शिव कुमार सोनी, आदि गणमान्य हस्तियां उपस्थित थी। फाउंडर चेयरमैन सीपी सोनी का कहना है कि उनकी टीम इस सामाजिक संस्था द्वारा समाज सेवा, तथा गरीब, शोषित व पीड़ित व्यक्ति की मदद के साथ-साथ उनको जागरूक भी करना चाहते हैं। वह हर क्षेत्र में जैसे चिकित्सा, शिक्षा ,सांस्कृतिक, गरीब कन्याओं का विवाह, वे मानव अधिकार, कानूनी सलाह आदि सामाजिक उत्थान में कार्य करना चाहते हैं।

# अमृतधारा महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत












» अमृतधारा प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल में शामिल, महोत्सव आने वाले समय में और भव्य होगा मंत्री श्री भगत, पर्यटकों की रुचि के मद्देनजर रिसॉर्ट पर भी चर्चा

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर,19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत आज मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय अमृतधारा महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अमृतधारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में शामिल है। संस्कृति मंत्री श्री भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ी परंपरा और लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का काम किया जा रहा है। पर्यटन केंद्रों को विकसित किया जा रहा है जिससे ज्यादा से ज्यादा छत्तीसगढ़ की सुंदरता से रूबरू हो सके।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में निरंतर छत्तीसगढ़ में विकास कार्य हो रहे हैं। किसानों का कर्ज माफ, 2500 रुपये क्विंटल में धान खरीदी, लघु वनोपज की खरीदी जैसे कार्यों से प्रदेश की जनता आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर है। शासकीय योजनाओं के जरिए लोगों की अतिरिक्त आय बढ़ाने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि नवीन जिला बनने के बाद यह पहला अवसर है। उन्होंने जिला प्रशासन को बेहतरीन कार्यक्रम के आयोजन की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि पर्यटकों की रुचि और आकर्षण के मद्देनजर जल्द ही अमृतधारा में रिसॉर्ट बनाया जाने का प्रस्ताव रखा जायेगा। साथ ही रामदहा जलप्रपात और सिद्ध बाबा स्थल पर भी सांस्कृतिक महोत्सव के आयोजन पर चर्चा की जाएगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि पिछले चार वर्षों में प्रदेश का विकास हुआ है। प्रदेश में तरक्की और खुशहाली आई है। सभी वर्गों के विकास के लिए योजनाएं संचालित की जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने अमृतधारा महोत्सव के अवसर पर स्वागत उद्बोधन कर अतिथियों एवं आम जन का स्वागत किया। एसडीएम मनेंद्रगढ़ अभिषेक कुमार ने उद्बोधन कार्यक्रम के समापन पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों सहित भारी संख्या में जनमानस ने अमृतधारा महोत्सव का आनंद उठाया।


समापन समारोह में अलंकार सूफी बैंड और सुनील मानिकपुरी ने बांधा समां पारंपरिक खेलों में बच्चों ने उत्साह से लिया भाग अमृतधारा महोत्सव के पहले दिन मशहूर छत्तीसगढ़ी कलाकार दिलीप षड़ंगी, बॉलीवुड संगीतकार जोड़ी सौरभ-वैभव ने जोश और उत्साह का रंग जमाया। जहां छत्तीसगढ़ी गीतों और भजन से दिलीप षड़ंगी ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया, वहीं सौरभ-वैभव के साथ दर्शकों ने भी सुर से सुर मिलाए। आज हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में अलंकार सूफी बैंड ने पूरे माहौल को सूफियाना बनाया। छत्तीसगढ़ी कलाकार सुनील मानिकपुरी के भजन एवं सरगुजिहा गीतों की प्रस्तुति ने ऐसा समां बांधा कि हर कोई थिरक उठा। इसी क्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा घूमर, शिव तांडव की प्रस्तुति ने भी लोगों को बेहद सराहा। बिहान सरस मेले का मुख्य अतिथि ने किया अवलोकन, मेले में माटी के बर्तन, समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पाद विक्रय हेतु उपलब्ध मुख्य अतिथि श्री भगत ने बिहान सरस मेला का अवलोकन किया। बिहान सरस मेला में मिट्टी के बर्तन, समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पाद जैसे मसाले, कोसा साड़ी, रागी, कोदो आदि के मिलेट के लड्डू, पापड़, बाजरा का खाखरा, मनिहारी आदि उत्पाद विक्रय हेतु उपलब्ध हैं।

# कोयला चोरों का आतंक नहीं ले रहा थमने का नाम, फोटो खींचने पर दी जान से मारने की धमकी

## कोरिया जिले सहित एमसीबी नवीन जिले में जारी है बड़े स्तर पर कोयला चोरी का काम

- दिनदहाड़े कोयला चोर कर रहें हैं कोयला चोरी का काम,पुलिस बैठी है हांथ पर हांथ धरे क्यों?
- पहले भी कोयला चोर कर चुके हैं एसईसीएल कर्मचारियों पर जानलेवा हमला
- प्रशासन आखिर क्यों नहीं लगा पा रहा है कोयला चोरी पर अंकुश
- कोयला चोर जिले की कानून व्यवस्था की भी खोल रहे पोल,कोयला चोर मचा रहे हैं आतंक
- कभी भी कोयला चोर दे सकते हैं किसी बड़ी वारदात को अंजाम,जा सकती है किसी की भी जान
- कोयला चोरों पर आखिर क्यों है पुलिस मेहरबान,उठ रहा लगातार पुलिस पर ही सवाल
- विधानसभा नेता प्रतिपक्ष ने जब खोली थी जिले में कोयला चोरी की पोल,कुछ दिनों तक बंद था कोयला चोरी का काम
- अविभाजित कोरिया जिले में फिर शुरू हुआ कोयला चोरी का काम,बड़े स्तर पर जारी है चोरी

- रवि सिंह -
चिरमिरी/एमसीबी 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।







अविभाजित कोरिया जिले में कोयला चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है और बड़े स्तर पर कोयला चोरी का काम फिर से जारी है जो विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के जिले के दौरे पर आने के बाद से तब बंद हुआ था कुछ दिनों के लिए जब उन्होंने जिला प्रशासन को आइना दिखाया था और खुद उन जगहों पर जाकर साबित किया था जहां से कोयला चोरी की जा रही थी और यह काम दिनदहाड़े किया जा रहा था। नेता प्रतिपक्ष विधानसभा ने अपने दौरे में जिला प्रशासन पर यह आरोप लगाया था की कोयला चोरों से मिलीभगत कर जिला प्रशासन ही कोयला चोरों को संरक्षण दे रही है और इसीलिए कोयला चोरों का मनोबल ऊंचा है और वह दिन में भी खुलेआम कोयला चोरी कर रहें हैं।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के जिले आगमन एवम कोयला चोरी मामले में जिला प्रशासन पर आरोप के बाद जिला प्रशासन हरकत में नजर आया था लेकिन कुछ दिन बीतते ही फिर कोयला चोरी का काम अविभाजित जिले में जारी हो गया है और फिर बड़े स्तर पर कोयला चोरी किया जा रहा है। कोयला चोरों का मनोबल भी अब बहुत ज्यादा बढ़ गया है और अब वह विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी देने से परहेज नहीं कर रहें हैं और जिससे यह साबित होता है की जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति किस कदर खराब हो चुकी है और कैसे चोरों द्वारा आम व्यक्तियों को जान से मारने की खुलेआम धमकी दी जा रही है और मामले में पुलिस मौन है। ताजा मामला चिरमिरी से आया है जहां कोयला चोरी की विडियो बनाने पर वीडियो बनाने वाले को कोयला चोर ने जान से मारने की धमकी दी है और अंजाम भुगतने की बात कही है। धमकी और लोगों में भय पैदा करना कोयला चोरों का मुख्य काम है और इसी बल पर वह स्थानीय लोगों को दहशत में लेकर अपना व्यवसाय करते हैं चोरी का जो देखा गया है।

### चिरमिरी में कोल माफियाओं का आतंक खत्म होने का नहीं ले रहा नाम

चिरमिरी क्षेत्र कोल माफियाओं के लिए पैसा कमाने का अच्छा माध्यम बन चुका है यही वजह है कि यहां पर कोल माफियाओं का एकछत्र राज चल रहा है कोई भी थाना प्रभारी है कोई भी एसपी है पर यहां अवैध कोयले के कारोबार को बंद नहीं करा पाता, अब इसकी वजह जो भी हो पर ऐसा लंबे समय से देखने को मिल रहा है, बड़े पैमाने पर यहां पर कोयले का अवैध कारोबार हो रहा है जो सभी को मालूम है इस बात की जानकारी नेता से लेकर तमाम प्रशासनिक अधिकारियों को भी है पर इस काम पर प्रतिबंध लगाए तो लगाए कौन? सूत्रों की माने तो चिरमिरी थाने के अंतर्गत कुरासिया ओपन कास्ट से दिन दहाड़ें कोल माफिया ट्रेक्टर के ट्रैक्टर अवैध कोयला उत्खनन कर परिवहन कर रहे हैं और अवैध कोयले को बाहर भेजकर काली कमाई की जा रही है और वही फोटो खींचने जो भी जाता है जान से मारने की धमकी यह धमकी कहीं ना कहीं इनके हौसलों को बढ़ाता है और लोगों को इनके प्रति दहशत में डालता है, एक व्यक्ति के द्वारा जब फोटो खींच कर वीडियो बनाया जा रहा था तो माफिया द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई जिसकी सूचना पुलिस को दी गई वहां से पुलिस ने दो ट्रैक्टर भी पकड़ लिए, जिस व्यक्ति को धमकी मिली उसने बताया कि अशोक खटीक , मनोज खटीक , किशोर बंगाली ये कोल माफिया है एवं जान से मारने की धमकी देते है।

### अविभाजित जिले में हो चुका है एसईसीएल कर्मचारियों पर जानलेवा हमला

कोयला चोरों का आतंक अविभाजित जिले में देखा जा चुका है जहां कोयला चोरों के काम के बीच अवरोध उत्पन्न करने के कारण एस ई सी एल कर्मचारियों पर कोयला चोर जानलेवा हमला कर चुके हैं और उन्हे भागकर जान बचानी पड़ी थी और कइयों को अस्पताल तक जाना पड़ा था। कोयला चोर अविभाजित जिले में अपने आतंक से लगातार भय उत्पन्न कर रहें हैं और जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है यह साबित कर रहें हैं।

### जिले में संचालित हैं कई अवैध कोयला खदानें

अविभाजित कोरिया जिले में कई अवैध कोयला खदानें संचालित हैं। अवैध कोयला खदानों में सैकड़ों की संख्या में मजदूरों से कोयला चोर कोयला उत्खनन का काम ले रहे हैं और कोयला अन्य राज्यों में भेज रहें हैं। कोयला चोर कई धड़ों में बंटकर अपने चोरी के काम को अंजाम दे रहें हैं।

### पुलिस की मिलीभगत से भी नहीं किया जा सकता इंकार

पूरे मामले में पुलिस की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता है। बताया जाता है की जिन थाना क्षेत्रों में कोयला चोरी का काम होता है उन थाना क्षेत्रों में प्रभारी बनने की भी होड़ पुलिस कर्मियों में देखी जाती है और उन पुलिस थानों में पोस्टिंग के लिए जोर आजमाइश होती है।वैसे पुलिस कोयला चोरों पर मेहरबान है यह इससे भी साबित होता है की कोयला चोरी दिन और रात लगातार जारी रहने के बाद भी कोयला चोरों पर कोई कार्यवाही नहीं होती है और वह धडल्ले से अपना चोरी का काम कर रहें हैं।

### कोयला चोरों को मिल रहा है राजनीतिक संरक्षण,इसलिए भी कोयला चोरों का बढ़ा हुआ है मनोबल

कोयला चोरों को राजनीतिक संरक्षण भी मिल रहा है खासकर वर्तमान सरकार में कोयला चोरों का मनोबल जिस तरह बढ़ा हुआ है उसके पीछे की वजह राजनीतिक संरक्षण है यह कहना गलत नहीं होगा और इसी वजह से लगातार कोयला चोर बड़े स्तर पर कोयला चोरी का काम कर रहें हैं और बीच में आने वाले को जान से मारने की धमकी भी दे रहें हैं। राजनेताओं के साथ राजनीतिक मंचो पर कोयला चोरी करने वालों को देखकर प्रशासन भी मजबूर होता है और वह भी इनपर कार्यवाही करने से बचता नजर आता है।

# नगर पटना के शिक्षकों ने बढ़ाया जिले का मान

- हमर विद्यालय सुघ्घर विद्यालय प्रतियोगिता में जीता पुरस्कार।

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर, 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।





गत दिवस 15 फरवरी को रामानुजनगर जोकि जिला सूरजपुर का विकासखंड है, वहां के विकास खंड शिक्षा अधिकारी के एक शानदार पहल के द्वारा हमर विद्यालय सुघ्घर विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के 92 माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों तथा 150 से ज्यादा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा हमर विद्यालय सुघर विद्यालय के लिए निर्धारित बिंदुओ, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, शाला का श्रेष्ठ वातावरण, बच्चों की संख्या एवं बच्चों की पढ़ाई, बच्चों की पढ़ाई का स्तर, शाला विकास समिति की सक्रिय भागीदारी, बच्चो की सहायक गतिविधियों, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को लेकर प्रतियोगिता आयोजित? की।सर्वश्रेष्ठ को पुरस्कृत किया जाना था, जिसमें हमारे जिले के युवा शिक्षक एवं प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने पूरे विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जिले की कलेक्टर सुश्री इफत आरा एवं जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल जी के हाथों प्रथम पुरस्कार प्राप्त करके गौरव प्राप्त किया और जिले का नाम रोशन किया। वहीं जिले के जुगेश कुमार साहू कोरिया जिले के निवासी वर्तमान में माध्यमिक शाला कैलाशपुर में पदस्थ हैं, उनको इसी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। दोनों कोरिया जिले से आते हैं। प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षाविदों और दोस्तों ने इन दोनों को ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाइयां दी हैं। इससे पूरा कोरिया जिला विशेष तौर पर नगर पटना गौरवान्वित हुआ है। इस कार्यक्रम को जिले के जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल, एसडीएम रामानुजनगर उत्तम कुमार रजक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज, घनश्याम दुबे, रविंद्र नाथ तिवारी और वर्तमान में बीआरसी पैकरा एवं एबीईओ मनोज कुमार साहू के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया गया। इस कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं जिला पंचायत के उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, बजरंग, दीपक गुप्ता के अलावा और पदाधिकारियों के द्वारा अपने अपने उद्बोधन में शिक्षकों को उनके श्रेष्ठ कार्यों के लिए सराहना की गई तथा इस कार्यक्रम में पधारे हुए विकासखंड के तमाम शिक्षकों को उनके श्रेष्ठ कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

# आवासीय क्वार्टर के रंगरोगन के लिए पार्षद ने सब एरिया का जताया आभार

- संवाददाता -
चिरमिरी, 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



चिरमिरी वार्ड क्रमांक-33 बी टाईप में आवासीय क्वार्टर के रंगरोगन कार्य सम्पादित किये जाने पर वार्ड पार्षद व छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कॉंग्रेस की उपाध्यक्ष बबीता सिंह ने उपक्षेत्रीय प्रबंधक कुरासिया समूह अरुण सिंह चौहान के प्रति आभार ज्ञापित किया हैं।ज्ञात हो कि पार्षद बबीता सिंह ने वार्ड की विभिन्न क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण के लिए सब एरिया मैनेजर अरुण सिंह चौहान से भेंट कर विकास कार्यो के सम्बन्ध में आवश्यक चर्चा की थी,जिस पर सब एरिया मैनेजर अरुण सिंह चौहान ने त्वरित पहल करते हुए पार्षद द्वारा सुझाये विभिन्न कार्यो में से बी टाईप आवासीय क्वार्टर के रंगरोगन कार्य सम्पादित,जिससे बी टाईप आवासीय क्वार्टर की रौनक देखने बनती हैं।वार्ड पार्षद बबीता सिंह ने सब एरिया मैनेजर अरुण सिंह चौहान से भेंट कर उक्त कार्य के लिए आभार ज्ञापित करते हुए उम्मीद जताई कि इसी प्रकार बी टाईप में सी सी रोड, पार्क का सौंदर्यीकरण, नालियों के स्लैब आदि कार्य भी प्राथमिकता से करायेगे।

# चुनावी वर्ष में बैकुंठपुर विधायक को पंचायत प्रतिनिधियों की आने लगी याद

- शिलान्यास पट्टिकाओ में पंचायत प्रतिनिधियों का नाम होने लगा शामिल
- चार वर्षों तक पंचायत प्रतिनिधियों को विधायक ने रखा शिलान्यास कार्यक्रमों से दूर
- बैकुंठपुर विधायक ने किया कई निर्माण कार्यों का भूमिपूजन,पहली बार शिलान्यास पट्टीकाओ में जनपद सदस्यों का दिखा नाम

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर, 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।






चुनावी वर्ष में नेताओं में बदलाव देखा जाता है और वह जनता से जुड़ाव कायम करते हैं क्षेत्र के हर ऐसे व्यक्ति से जुड़ाव कायम करते हैं जो चुनाव में उनकी मदद कर सकें उसी क्रम में नेता पंचायत प्रतिनिधियों से भी संपर्क कायम करते हैं और उन्हे भी अपने विश्वास में लेने की कोशिश करते हैं जिससे चुनाव में पंचायत स्तर के प्रतिनिधि जनपद स्तर के प्रतिनिधि एवम जिला स्तर के प्रतिनिधि भी उनकी मदद कर सकें और चुनाव में उन्हे आसानी हो सके। नेताओं को सभी की याद तब आती है जब चुनाव करीब आ जाते हैं उसके पहले उन्ही लोगों से दूरी बनाकर चलने में नेता विश्वास करते हैं और भरसक प्रयास भी करते हैं की किसी भी आयोजन और कार्यक्रम में उनके अलावा किसी का महिमामंडन न हो सके और किसी का नाम किसी भी मामले में श्रेय के लिए उपयोग न किया जाए और पूरा श्रेय उन्हे ही मिले।

किसी अनावरण भूमिपूजन में भी पंचायत प्रतिनिधियों का नाम शिलान्यास या भूमिपूजन पट्टिका में शामिल न किया जाए यह भी नेताओं का प्रयास रहता है और वह अपने नाम के ही महत्व और प्रचार के लिए लोलूप दिखाई देते हैं। नेताओं में खासकर विधायकों की कार्यप्रणाली ऐसी ही देखी जाती है और यह देखा जाता है की वह अपने निर्वाचित होने के साथ ही चार सालों तक अपने ही महिमामंडन में व्यस्त रहते हैं और आखिरी वर्ष चुनावी वर्ष में उन्हे सभी की याद आने लगती है और वह सभी को साथ लेकर चलने का दिखावा करने लगते हैं।

बैकुंठपुर विधायक को भी चार वर्षों बाद पंचायत प्रतिनिधियों की याद आई है अब बैकुंठपुर विधायक के कार्यक्रमों में लगातार पंचायत प्रतिनिधियों की भी भूमिका नजर आने लगी है और अब उन्हे भी महत्व मिलने लगा है जो चार सालों तक नजर नहीं आता था।

### विधायक ने कई निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया जिसमे लगने वाली पट्टिका में चार सालों बाद एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा

हाल ही में बैकुंठपुर विधायक ने कई निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया जिसमे लगने वाली पट्टिका को यदि देखा जाए तो चार सालों बाद एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा, अबकी बार जीतने भी लोकार्पण भूमिपूजन बैकुंठपुर विधायक करने जा रही हैं सभी में लगने वाली पट्टिका अलग तरह की है और वह अलग इस हिसाब से है की उनमें अब क्षेत्र के जनपद सदस्यों का भी नाम अंकित है जो चार सालों बाद चुनावी वर्ष में संभव हो सका। बैकुंठपुर विधायक जो पहले लोगों का नाम पंचायत प्रतिनिधियों का नाम आमंत्रण पत्र पर भी देखना गवारा नहीं करती थी उनके द्वारा क्षेत्र के जनपद सदस्यों का नाम भूमिपूजन पट्टिका पर अंकित करवाना यह साबित करता है की बैकुंठपुर विधायक भी अब चुनाव की तैयारी में लग चुकी हैं और वह अब जिन क्षेत्रों में भी लोकार्पण व भूमिपूजन में जाएंगी वहां पंचायत प्रतिनिधियों का भी मान सम्मान होगा और उन्हे भी मंच में स्थान मिलेगा।

### आमंत्रण पत्रों सहित शिलान्यास भूमिपूजन पट्टिका में नाम नहीं होने को लेकर होता चला आया है विरोध प्रदर्शन

बैकुंठपुर विधानसभा अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधियों ने अपनी उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कई बार विरोध भी किया और कई बार यह विरोध कार्यक्रम स्थल पर जमीन पर बैठकर किया गया तब जाकर पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मान मिल सका। उदाहरण स्वरूप जिला पंचायत उपाध्यक्ष को दो बार जमीन पर बैठकर विरोध करना पड़ा वहीं जनपद उपाध्यक्ष ने भी एक बार अपनी उपेक्षा का आरोप लगाकर जमीन पर बैठने की बात की थी। चार वर्षों तक पंचायत प्रतिनिधि इसी तरह विरोध करते रहे लेकिन पांचवे और चुनावी वर्ष में उन्हे बिना विरोध सम्मान मिलने लगा है और अब बिना उपस्थिति भी नाम पट्टिका पर दर्ज हो रहें हैं जो देखा जा रहा है।

### विभिन्न निर्माण कार्यों का किया विधायक ने भूमिपूजन

बैकुंठपुर विधायक ने तरगवा में 25.56 लाख एवम सावारावा में स्कूल भवन के रूप में 67.76 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। विधायक के द्वारा किए गए भूमिपूजन में इस बार क्षेत्र के जनपद सदस्यों का नाम पट्टिका में दर्ज किया गया जिसमे क्षेत्र के बिहारीलाल राजवाड़े व आशा महेश साहू का नाम क्रमश पट्टिका में देखने को मिला।

# स्वर्गीय केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले में प्रेस क्लब की टीम एक रन से पाई शिकस्त

- संवाददाता -
कोरबा,19 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

कोरबा प्रेस क्लब द्वारा आयोजित स्वर्गीय केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2023 के 05 वे दिन शनिवार को कोरबा प्रेस क्लब (केपीसी) एवं एसईसीएल कोरबा की टीम के बीच मुकाबला हुआ। केपीसी की टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लेते हुए एसईसीएल की टीम को पहले बल्लेबाजी करने आमंत्रित किया। रविकांत शर्मा की कप्तानी में उतरी एसईसीएल की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 2 विकेट खोकर 143 रन बनाया। नौशाद खान की कप्तानी में केपीसी की टीम उक्त लक्ष्य का पीछा करने उतरी। टीम के खिलाड़ी राजकुमार शाह की बेहतरीन बल्लेबाजी से एक समय में केपीसी की टीम मजबूत स्थिति में पहुंच गई थी। एसईसीएल के हाथ से मैच निकलते नजर आ रही थी। लेकिन राजकुमार शाह के रन आउट होने के बाद रन गति धीमी हो गई हालांकि टीम के खिलाड़ी मैदान में मजबूती के साथ डटे रहे। अंतिम गेंद में 3 रन की आवश्यकता के बीच टीम 1 रन से चूक गई। इस तरह निर्धारित ओवर के अंतिम गेंद तक केबीसी की टीम 3 विकेट पर 142 रन बना सकी और इस एसईसीएल की टीम ने मैच 1 रन से जीत लिया। केपीसी एवं एसईसीएल कोरबा के बीच हुए मैच के दौरान केपीसी की टीम से



राजकुमार शाह और एसईसीएल की टीम से कप्तान रविकांत शर्मा ने एक बराबर 75-75 रन बनाए हालांकि एसईसीएल की टीम विजयी होने पर रविकांत शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरी ओर मैच के दौरान दर्शक दीर्घा में मौजूद चौधरी टेंट हाउस के संचालक लालबाबू चौधरी की ओर से हैट्रिक सिक्स लगाने और बेहतर खेलने पर राजकुमार शाह को ?1000 के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दर्शक अमन दास की ओर से भी केपीसी टीम के मनोज यादव और राजकुमार शाह को नगद पुरस्कार दिया गया।

प्रतियोगिता के पांचवे दिन अतिथि के तौर पर वरिष्ठ पत्रकार छेदीलाल अग्रवाल , सुभाष अग्रवाल , जयप्रकाश टमकोरिया , ताइक्वांडो संघ के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश सचिव अनिल द्विवेदी एवं एसईसीएल की डॉ. आकृति श्रीवास्तव उपस्थित हुए। जिनका स्वागत प्रेस क्लब संरक्षक कमलेश यादव अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, सचिव दिनेश राज कोषाध्यक्ष रंजन प्रसाद समेत प्रेस क्लब के अन्य सदस्यों ने पुष्प गुच्छ भेट करके किया। अतिथियों ने कोरबा प्रेस क्लब द्वारा वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय केशवलाल मेहता जी की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करके उनका स्वागत अभिवादन किया गया।

## पाली महोत्सव के पहले दिन अनुज शर्मा,सहदेव दिर्दो एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगो को किया मंत्रमुग्ध

- संवाददाता -
कोरबा,19 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

मेरी आशिकी तुम ही हो.. प्रेम रतन धन पायो.. जग घुमिया थारे जैसा कोई नहीं.. कौन तुझे यूं प्यार करेगा.. दिल दिया गल्ला.. जैसे सुपरहिट गीतों को बॉलीवुड की स्टार सिंगर पलक मुच्छल की आवाज में सुनकर क्षेत्रवासियों ने पाली महोत्सव के पहले दिन की संध्या का खूब आनंद लिया। पलक मुच्छल की सुरीली आवाज ने दर्शकगणों के बीच खूब वाहवाही बटोरी। बॉलीवुड मूवी गब्बर इज बैक के हिट गीत तेरी मेरी कहानी.. है बारिशों का पानी.. गाने को पलक मुच्छल की आवाज में सुनकर दर्शकगण खूब झूमे। पलक ने दर्शकों के मनोरंजन में इजाफा करते हुए सबको अपने साथ भी गाने को मजबूर



कर दिया। दर्शकगण खूब जोश और उत्साह के साथ पलक के गानों में अपने सुर मिलाते रहे। पलक की आवाज का जादू इस कदर छाया रहा कि देर रात तक लोगों की कानों पर पलक के गाए गाने गूंजते रहे। इसी प्रकार पाली महोत्सव के पहले दिन छत्तीसगढ़ी सुपरस्टार अनुज शर्मा के छत्तीसगढ़ी गाना ने भी लोगों का खूब मनोरंजन किया। अनुज शर्मा के भक्ति गीत आरुग हे कलसा.. ने पाली महोत्सव स्थल को भक्तिमय बना दिया। छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति से संबंधित एक से बढ़कर एक छत्तीसगढ़ी गीत सुनाकर अनुज शर्मा भी दर्शकगणों के बीच लोकप्रिय रहे। इससे पहले बचपन का प्यार प्रेम सहदेव दिरदो ने भी अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।




## एएसआई ने आवागमन अवरुद्ध के मामले में नेताओं पर दर्ज कराई एफआईर

- संवाददाता -
कोरबा, 19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस ने एएसआई की रिपोर्ट पर भाजपा नेताओं के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है।बस्तर में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की हत्या के विरोध में 17 फरवरी को प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर कोरबा जिले में भी चक्काजाम किया गया। कटघोरा थाना अंतर्गत बिलासपुर-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग-130 के जेंजरा बाईपास चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आवागमन अवरूद्ध कर प्रदर्शन किया। इसकी सूचना पर निरीक्षक चमन सिन्हा व स्टाफ वहां पहुंचे। भाजपा पदाधिकारियों के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा सड़क पर चारों तरफ कुर्सी लगा कर बीचों-बीच बैठ कर आवागमन अवरूद्ध किया गया। इन्हें रास्ता छोड़ने के लिए बार-बार समझाइश देने के बाद भी नहीं मान रहे थे। जेंजरा चौक पर आवागमन बाधित रहा।

कटघोरा थाना में पदस्थ एएसआई रफीक ने इनके विरुद्ध बेवजह एकत्रित होकर मेन रोड में बलपूर्वक आवागमन अवरूद्ध कर हो-हल्ला कर यातायात बाधित कर आवाजाही करने वालों को रोकने के अपराध में रिपोर्ट दर्ज कराया है।प्रदर्शनकारियों मोतीलाल देवांगन, राजेन्द्र टंडन, अभिषेक अग्रवाल, अनुराग दुलानी, रामप्रसाद कोर्राम व 10-12 अन्य लोगों के विरूद्ध धारा 147, 341 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## गुड मॉर्निंग ग्रुप ने डॉक्टर ध्रुव बनर्जी का विदाई समारोह किया आयोजित

- संवाददाता -
कोरबा,19 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।







कोरबा के युवाओं द्वारा बनाया गया गुड मॉर्निंग ग्रुप जो सन 2016 में कोरबा सी.एस.ई.बी ग्राउंड में सुबह मॉर्निंग वॉक में आने वाले युवाओं द्वारा बनाया गया था वर्तमान में करीब 100 युवाओं के साथ आगे बढ़ रहा है एवं जिले में सामाजिक कार्य छेत्रों में ग्रुप द्वारा योगदान दिया जा रहा है द्व इस ग्रुप में सभी आयु के सदस्य जुड़े हुए हैं द्वजो ग्रुप में जुडकर समाज के लिए अपनी सेवाएं दे रहे है द्व इन्हीं सदस्यों में से वरिष्ठ सदस्य डॉक्टर ध्रुव बनर्जी जो कोरबा शहर के गणमान्य नागरिक होने के साथ-साथ सहर के जाने-माने डॉक्टर भी है , कुछ महीने पहले वह अपना सेवा क्षेत्र कोरबा को छोड़ कर मथुरा वृंदावन सेवा देने के लिए चले गए द्व इसी तारतम्य में गुड मॉर्निंग ग्रुप द्वारा बिदाई समारोह का आयोजन किया गया द्व जिसमें गुडमॉर्निंग ग्रुप के सभी युवा एवं वरिष्ठ सदस्यों द्वारा डॉक्टर ध्रुवबनर्जी का विदाई सम्मान किया गया द्व इस दौरान सदस्यों ने उनके बारे में बताया के एक डॉक्टर का ग्रुप में बने रहना कितना महत्व रखता है पर डॉक्टर बनर्जी का ग्रुप एवं कोरबा छोड़कर जाना अत्यंत दुख का क्षण है इनकी कमी ग्रुप में सदेव रहेगी यहां बताना लाजमी होगा के डॉ बनर्जी बालको हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं देने के बाद वर्तमान में डॉ ध्रुव पैथोलॉजी लेब का संचालन कर रहे थे अब वे मथुरा के वृंदावन सहर में रामकृष्ण मिशन हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं देंगे इस आयोजित विदाई समारोह में प्रत्यक सदस्यों ने बढ़-चढकर भाग लेते हुए अपनी नम आंखों सें डॉ बनर्जी को शाल , श्रीफल भेंट कर उनके आनेवाले जीवन के लिए शुभकामनाए दी।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कोरबा रेलवे स्टेशन का किया जाएगा कायाकल्प

- संवाददाता -
कोरबा,19 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।


देशभर के चिन्हांकित रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जाना है। इस कड़ी में कोरबा रेलवे स्टेशन को भी सुविधाओं से लैस करने की कवायद होगी। यात्री सुविधाओं के उन्नयन कार्यों में प्रमुख रूप से आवश्यकतानुसार अलग-अलग स्टेशनों में स्टेशन तक पहुंच मार्ग, द्वार व स्टेशन परिसर का विकास, प्लेटफार्म शेल्टर, स्टेशनों के एलईडी नेमबोर्ड, स्टेशन परिसर में पर्याप्त लाइटिंग कैफेटेरिया, स्थानीय कला एवं संस्कृति को शामिल करते हुए स्टेशनों का सौंदर्यीकरण, सीसीटीवी कैमरा, दिव्यांग फ्रेंडली शौचालय, पार्सल के लिए जगह, स्टेशनों पर स्थित कार्यालयों के लिए उचित जगहों का चिन्हांकन, साइनेज, सीसीटीवी आदि के कार्य अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत की जाएगी। इसके तहत रेल मंत्रालय ने स्टेशनों के आधुनिकीकरण की नई नीति तैयार की है। इस योजना में देश भर के चिंहित कुल 1275 स्टेशनों में कोरबा स्टेशन को भी शामिल किया गया है। स्टेशन पर नई सुविधाओं की शुरुआत के साथ ही पुरानी सुविधाओं को भी इस योजना के




तहत अपग्रेड किया जाएगा। भारतीय रेलवे में प्रतिदिन लाखों यात्री अपने गंतव्य तक यात्रा करते हैं। रेल यात्रियों को सुरक्षित व आरामदायक यात्रा अनुभव के साथ बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारतीय रेलवे निरंतर प्रयासरत है । इसी कड़ी में रेल मंत्रालय ने स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना नाम से एक नई नीति तैयार की है। इस योजना के अंतर्गत दीर्घकालिक दृष्टिकोण से लगातार स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है। यह योजना स्टेशन की आवश्यकताओं के अनुसार दीर्घकालीक मास्टर प्लान तैयार करने और मास्टर प्लान के तत्वों के कार्यान्वयन पर आधारित है। अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के इतर सुविधाओं को बढ़ाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना है। इस मास्टर प्लान को लक्ष्य के साथ चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। इस योजना में हितधारकों की आवश्यकताओं का भी ध्यान रखा गया है। स्टेशन पर नई सुविधाओं की शुरुआत के साथ ही पुरानी सुविधाओं को भी इस योजना के तहत अपग्रेड किया जाएगा।



## भूतईया नाला में पर्यटक जल्द उठा सकेंगे बोटिंग का लुत्फ



» वन विभाग द्वारा अर्दन डेम निर्माण कर टूरिस्ट पॉइंट के रूप में की जा रही विकसित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,19 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

मैनपाट के पर्यटन पॉइंट में जल्द एक नाम और जुड़ने वाला है जहा पर्यटक बोटिंग का आनंद ले सकेंगे। ग्राम पंचायत रोपखार अंतर्गत बॉयो डाइवर्सिटी पार्क के आगे भूतईया नाला में वन विभाग द्वारा अर्दन डेम का निर्माण कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है वही इस डेम के बनने से किसानों को सिंचाई सुविधा भी मिलेगी। इस डेम से करीब 800 मीटर की दूरी पर घने जंगलों के बीच भूतईया झरना भी है जो करीब 50 फूट की ऊंचाई से प्रकृति की नीरव गोद मे गिरती है और सुंदर नाद करते हुए नीचे बह जाती है। डेम से इस झरने तक पहुंच मार्ग बन जाये तो पर्यटक प्रकृति के इस मनोरम दृश्य का आसानी से दीदार कर सकेंगे और अच्छा पर्यटन स्थल बन सकता है।

प्रभारी वनपाल श्री फेंकू चौबे ने बताया कि बॉयो डायवर्सिटी पार्क के पास भूतईया नाला का उदगम स्थल है जहाँ से पानी बारहों माह निकल कर नाला के रूप में बहता है। वन विभाग द्वारा यहां करीब एक करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से अर्दन डेम का निर्माण करीब एक वर्ष से करा रहा है। उन्होंने बताया कि उद्गम स्थल के पास नाला काफी संकरा था जिसे खुदाई कर चौड़ीकरण व गहरीकरण कराया गया है। अब इस नाला में करीब 40 फुट पानी भरा है। भूतिया नाला के इस स्थान को पर्यटन पॉइंट एवं बोटिंग क्लब के रूप में विकसित करने की कार्य योजना है। उन्होंने बताया कि इस डेम के बनने से ग्राम सुपलगा और बिसरपानी के किसानों को खेती के लिये सिंचाई की सुविधा मिलेगी वही पर्यटन बढ़ेगा तो स्थानीय लोगां को रोजगार भी मिलेगा।

ग्राम बिसरपानी के ओंकार नाथ यादव एवं रोपखार के अजित एक्का ने बताया कि इस डेम के बनने से सुपलगा व बिसरपानी तक नहर से पानी किसानों के खेत तक पहुंच जाएगा जिससे किसानों को फायदा होगा। साथ ही पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने से सड़क बन जाएगा। लोग भ्रमण के लिए आएंगे तो स्थनीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इसलिए इस डेम का कई मायनों में महत्व बढ़ेगा।

## एचटीपीपी में 1320 मेगावाट क्षमता से बनेगा नया विद्युत संयंत्र



- संवाददाता -
कोरबा,19 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

राज्य सरकार कोरबा के हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीपी) परिसर में 1320 मेगावाट क्षमता का एक और नया बिजली संयंत्र स्थापित करेगा। नवीन संयंत्र का निर्माण भारतीय पद्धति से किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) को दी जाएगी। प्रति मेगावाट लगभग 9.50 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस आधार पर 13 हजार करोड़ की अनुमानित लागत का आंकलन किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद यह कंपनी का चौथा नया संयंत्र होगा। सबसे पहले 500 मेगावाट की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र 11 दिसंबर 2007 में शुरू हुआ। इसके बाद एचटीपीपी परिसर में ही स्थापित की गई 500 मेगावाट विस्तार इकाई से पांच सितंबर 2013 से उपभोक्ताओं को बिजली मिलने लगी। जांजगीर-चांपा जिले के मड़वा में एक हजार मेगावाट क्षमता का संयंत्र 31 जुलाई 2016 को परिचालन में आया। पर्यावरणीय अनुमति समेत अन्य वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने में करीब डेढ़ साल का वक्त लगेगा, उसके बाद ही निर्माण के लिए आधारशिला रखी जाएगी। यहां बताना होगा कि अभी अधिकतम मांग 5300 मेगावाट तक दर्ज की गई है। आने वाले पांच साल में राज्य में बिजली की मांग करीब आठ हजार मेगावाट पहुंच जाएगी। वर्तमान में कंपनी की 2980 मेगावाट उत्पादन क्षमता है। क्षमता बढ़ाने एचटीपीपी में 660-660 मेगावाट की दो इकाई स्थापित की जाएगी। संयंत्र का निर्माण करीब 200 एकड़ जमीन में किया जाएगा। इतनी ही जमीन परिसर में और उपलब्ध है। पहले से संचालित 1340 मेगावाट संयंत्र के लिए साउथ इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की कुसमुंडा खदान से कोयले की आपूर्ति की जा रही है। इसके लिए 13 किलोमीटर लंबे कंवेयर बेल्ट सिस्टम खदान व संयंत्र के बीच तैयार किया गया है। कुसमुंडा खदान से ही कोयला आपूर्ति नए संयंत्र को की जाएगी। लगभग 16 हजार टन कोयले की प्रतिदिन आवश्यकता पड़ेगी। वर्ष 2024 में निर्माण कार्य शुरू होने व 2029-30 तक संयंत्र से बिजली आपूर्ति की संभावना जताई जा रही। राज्य का यह एकमात्र ऐसा स्थल है जहां प्रति यूनिट महज 3.35 रुपये खर्च पर बिजली तैयार हो सकेगी। आमतौर पर नए संयंत्र स्थापना से पांच से छह रुपये प्रति यूनिट लागत आती है।



## महा शिवरात्रि के अवसर पर शिवमंदिर परिसर में जलाए गए 1100 दीप

### रूद्राभिषेक एवं भण्डारा का हुआ आयोजन

उदयपुर,19 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

शिव मंदिर प्रांगण उदयपुर में महादेव के दीवाने ग्रुप के सदस्यों प्रकाश सोनी, अंकित अग्रवाल, लक्की अग्रवाल, नवीन कश्यप, रोबिन सोरी, चंदन सोनी, संदीप सोनी, श्याम सिंह, अमित अग्रवाल तथा अन्य लोगों के द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर शायं 7 बजे 1100 दीप प्रज्जवलित किया गया । महादेव के दीवानों ने दीप से जय महादेव, ओम और स्वास्तिक बनाया था जो लोगों के लिए प्रमुख आकर्षक का केन्द्र रहा।

इससे पूर्व शिव मंदिर में शनिवार को सुबह से लोग जलाभिषेक के लिए कतार बद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए तथा शांतिपूर्ण तरीके से नगर के लोगों ने जलाभिषेक किया । मरवाही वाले पंडित दीपेन्द्र महाराज द्वारा रूद्राभिषेक कराया गया जिसमें सुबह एवं शाम दोनों पालियों में लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों ने भाग लिया इस हेतु दीपेन्द्र महाराज द्वारा मनमोहक एवं आकर्षक पार्थिव शिवलिंग बनाये गये। पूजा अर्चना के पश्चात् लोगों द्वारा उक्त शिव लिंग पर रूद्रिभषेक किया गया । पूजन और अभिषेक के बाद श्रद्धालुओं के लिए विक्की गुप्ता एवं ज्ञान दास के द्वारा भण्डारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भण्डारा का प्रसाद ग्रहण किया। सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में व्यापारीगण, आम नागरिक महिला मंडल के सदस्यगण काफी सक्रिय नजर आए।

# जडेजा के सात विकेट से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

**नयी दिल्ली ,19 फरवरी 2023।** वामहस्त स्पिनर रविंद्र जडेजा की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (42 रन पर सात विकेट) से भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से शिकस्त देकर चार मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। इस जीत के साथ ही भारत ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का टिकट लगभग पक्का करने के साथ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने पास रखने का अधिकार भी हासिल कर लिया। नियमों के मुताबिक श्रृंखला बराबरी पर छूटने के बाद बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी पिछली श्रृंखला जीतने वाली टीम को सौंपी जाती है। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को दूसरी पारी में महज 52 रन और जोड़कर अपने बचे हुए नौ विकेट गंवा दिये। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों का यह हश्र जडेजा की शानदार गेंदबाजी के साथ खराब शॉट चयन के कारण भी हुआ।

मैच में 10 विकेट लेने वाले जडेजा को दूसरी पारी में अनुभवी रविचंद्रन अश्विन (59 रन पर तीन विकेट) का अच्छा साथ मिला इन दोनों स्पिनरों के सामने ऑस्ट्रेलिया के सिर्फ दो बल्लेबाज ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। लक्ष्य का पीछा करते हुए खराब लय में चल रहे लोकेश राहुल (एक रन) दुर्भाग्यशाली रहे। नाथन लियोन की गेंद पर उनकी फ्लिक शॉट लेग के क्षेत्ररक्षक के पैड से टकराकर विकेटकीपर के दस्ताने में चली गयी। उनके अलावा बाकी बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को यह दिखाया कि स्पिन के खिलाफ कैसे बल्लेबाजी की जाती है। टीम ने 26.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे चेतेश्वर पुजारा ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलायी। वह 31 रन पर नाबाद रहे।



विकेटकीपर कोणा भरत ने नाबाद 23 जबकि विराट कोहली 20 रन की पारी के दौरान सहज दिखे। भारतीय टीम के लिए यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सभी प्रारूपों में मिलाकर 100वीं जीत है। श्रृंखला का तीसरा टेस्ट मैच इंदौर में एक मार्च से खेला जायेगा। दिन की शुरुआत एक विकेट पर 61 रन से आगे करते हुए ऑस्ट्रेलिया के कम से कम पांच बल्लेबाज जडेजा के खिलाफ खराब स्लॉग स्वीप पर विकेट गंवा बैठे। कुछ बल्लेबाजों ने ऑफ-मिडिल या लेग-मिडिल लाइन पर फेंकी गई गेंदों पर रिवर्स स्वीप की कोशिश की और गेंद को ज्यादा उछाल नहीं मिलने के कारण वे बोल्ड या पगबाधा हुए। शनिवार के नाबाद बल्लेबाज ट्रेविस हेड (43) और मार्नुस लाबुशेन (35) ही कुछ हद तक भारतीय स्पिनरों का सामना कर सके। लेकिन दिन के सत्र के पहले ओवर में ही ऑफ स्पिनर अश्विन की गेंद पर विकेटकीपर भरत ने हेड का कैच लपक लिया और इसके बाद मैच का रुख पूरी तरह से बदल गया। स्मिथ ने अश्विन के खिलाफ स्विप लगाने का पहले से मन बना लिया था लेकिन गेंद नीचे रही और उनके पैड से टकरा गयी। स्मिथ ने मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ डीआरएस (मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ समीक्षा) लिया लेकिन उन्हें इसका फायदा नहीं हुआ।

अब तक शानदार बल्लेबाजी कर रहे लाबुशेन जडेजा की तेज गेंद पर गच्चा खा गये। उन्होंने इस गेंद को बैकफुट पर जा कर खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले के नीचे से निकल कर स्टंप पर टकरा गयी। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद स्कोर में कोई रन इजाफा किये बिना मैट रेनशॉ (दो), पीटर हैंड्सकॉम्ब (शून्य) और कप्तान पैट कमिंस (शून्य) का भी विकेट गंवा दिया। इससे टीम का स्कोर तीन विकेट पर 95 रन से सात विकेट पर 95 रन हो गया। डेविड वॉर्नर के चोटिल होने के बाद रेनशॉ को इस मैच के लिए टीम में शामिल किया गया था लेकिन उनके पास स्पिन को खेलने की तकनीक की कमी दिखी। एलेक्स कैरी (आठ रन) और लियोन (सात) ने इसके बाद 15 रन की साझेदारी की लेकिन जडेजा ने तीन रन के अंदर इन दोनों के अलावा मैथ्यू कुहनेमैन को बोल्ड कर भारत की जीत का रास्ता खोल दिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित शर्मा ने आक्रामक रूख अपनाया और पुजारा के साथ गफलत का शिकार होकर रन आउट होने से पहले 20 गेंद में 31 रन की पारी खेली। इसके बाद क्रीज पर आये विराट कोहली ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 25,000 रन पूरे करने वाले सचिन तेंदुलकर (34357 रन) के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने। कोहली और सचिन के अलावा कुमार संगकारा (28016), रिकी पोंटिंग (27483), महेला जयवर्धने (25957) और जाक कैलिस (25534) ने इस मुकाम को छुआ है। कोहली ने हालांकि सबसे कम पारियों में यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने अपनी 549वीं अंतरराष्ट्रीय पारी में इस आंकड़े को हासिल किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड तेंदुलकर के नाम था जिन्होंने 577 पारी में 25,000 रन पूरे किये थे।

# बंगाल को नौ विकेट से हराकर सौराष्ट्र बना रणजी चैम्पियन

**कोलकाता ,19 फरवरी 2023।** बाएं हाथ के अनुभवी तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने दूसरी पारी में 85 रन देकर छह जबकि मैच में नौ विकेट चटकाये जिससे सौराष्ट्र ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी के फाइनल के चौथे दिन बंगाल को नौ विकेट से शिकस्त दी। सौराष्ट्र ने पहली पारी में 230 रन बड़ी बढ़त लेने के बाद ही जीत की ओर कदम बढ़ा दिया था। बंगाल ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 169 रन से आगे से की लेकिन उसकी पूरी टीम 241 रन पर आउट हो गयी। सौराष्ट्र को मैच अपने नाम करने के लिए 12 रन का लक्ष्य मिला। आकाशदीप की गेंद पर सौराष्ट्र ने सलामी बल्लेबाज जय गोहिल (शून्य) का विकेट गंवाया लेकिन टीम 2.4 ओवर में 14 रन बनाकर दूसरी बार रणजी ट्रॉफी चैम्पियन बनी। सौराष्ट्र को पिछला खिताब 2019-20 सत्र में मिला था।

उस समय टीम ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर बंगाल को पछाड़ा था। सौराष्ट्र ने पिछले 10 सत्र में पाँच बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में जगह बनाकर अपनी निरंतरता साबित की। बंगाल की टीम एक बार फिर चैम्पियन बनने से चूक गयी। उसने अपना पिछला खिताब 1989-90 में इसी ईडन गार्डन्स मैदान में सितारों से सजी दिल्ली को हरा कर जीता था। टीम का पहला खिताब 1938-39 में आजादी से पहले के दौर में आया था।



उनादकट ने दिन के शुरुआती सत्र में एक बार फिर अपनी गेंदबाजी का लोहा मनवाया। उन्होंने शाहबाज अहमद (27) के रन आउट होने के बाद आखिरी पांच में से चार विकेट चटकाये। शनिवार को उन्होंने दो विकेट लिये थे। बंगाल के अनुभवी बल्लेबाज कप्तान मनोज तिवारी (68) और अनुस्तूप मजूमदार (61) ने अर्धशतकीय पारी खेल जुझारूपन दिखाया लेकिन टीम को शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने निराश किया। अभिमन्यु ईश्वरन फाइनल की दो पारियों में शून्य और 16 रन ही बना सके। सेमीफाइनल में शतक जड़ने वाले सुदीप घरामी शून्य और 14 का योगदान ही दे पाये। घरामी ने इस सत्र में 800 से ज्यादा रन बनाने है। फाइनल में सुमंत गुप्ता को पदार्पण का मौका देना भी बंगाल को भारी पड़ा। उनके पास शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के लिए जरूरी तकनीक की कमी दिखी। वह बाहर निकलती गेंदों पर असहज दिखे। राज्य के खेल मंत्री और टीम के कप्तान तिवारी ने रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने के लिए अपने संन्यास के फैसले को टाला था। यह उनका चौथा फाइनल था लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी। इससे पहले, तिवारी और शाहबाज की पिछले दिन की जोड़ी तीसरा रन चुराने की कोशिश में गफलत की शिकार हुई। इसका खामियाजा शाहबाज को रन आउट होकर भुगतना पड़ा। इससे तिवारी का लय भी गड़बड़ा गया।

वह उनादकट की बाहर जाती गेंद पर बल्ला अड़ा कर आउट हुए। इसके कुछ ही समय बाद बंगाल का स्कोर नौ विकेट पर 205 रन हो गया। मुकेश कुमार और इशान पोरेल की आखिरी जोड़ी ने 37 गेंद में 36 रन की साझेदारी कर टीम को पारी की हार से बचाया। रणजी फाइनल के लिए भारतीय टीम से रिलीज किये गये उनादकट ने पहली पारी में 44 रन देकर तीन विकेट लिये थे। उन्हें युवा वामहस्त तेज गेंदबाज चेतन सकारिया को अच्छा साथ मिला था। सकारिया ने 33 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे।

## अर्जेंटीना ओपन के फाइनल में नॉरी का सामना करेंगे अल्कराज

**ब्यूनस आयर्स,,19 फ रवरी 2023।** विश्व नंबर 2 कार्लोस अल्कराज ने पिछले चार महीनों में खेले गए पहले टूर्नामेंट के फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। उन्होंने अर्जेंटीना ओपन सेमीफाइनल में हमवतन बर्नाबे जपाटा मिरालेस को 77 मिनट में 6-2, 6-2 से हरा दिया। स्पैनियार्ड पिछले साल के पेरिस मास्टर्स के बाद से अपने पहले टूर्नामेंट में खिताब को जीतने की कोशिश करेंगे। स्पेन के खिलाड़ी ने आखिरी फाइनल पिछले साल सितंबर में यूएस ओपन में खेला था, जब उन्होंने अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। अल्कराज ने चोट के कारण अपनी लय खो दी थी, जिसने उन्हें मैदान से 100 से अधिक दिनों के लिए दरकिनार कर दिया था। अब बेहतर फॉर्म में नजर आ रहे हैं। एटीपी टूर ने अल्कराज के हवाले से कहा, ÷यह मेरे लिए वास्तव में विशेष क्षण है। मैं चोट के बाद थोड़ा खराब दौड़ से गुजर रहा था, इसलिए मुझे उन चार महीनों में आत्मविश्वास और लय में सुधार करना पड़ा। 2023 के अपने पहले टूर्नामेंट के लिए वापस आना और फाइनल में पहुंचना मेरे लिए बहुत खास है। 19 वर्षीय इस चैंपियनशिप में ब्रिटेन के कैमरुन नॉरी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करेंगे। अल्कराज अपनी एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में 3-1 से आगे हैं, लेकिन नॉरी ने पिछले साल सिनसिनाटी में अपनी सबसे हालिया मैच में जीत दर्ज की थी।

उन्होंने कहा, नॉरी एक महान टेनिस खिलाड़ी हैं। हमारी बराबर की टक्कर होती है। मैं यह मैच खेलना चाहता हूं। उन्हें हराने के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। मुझे आक्रामक होना होगा और मुझे इसका आनंद लेना होगा।

# विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में रचा इतिहास

**सबसे जल्दी 25000 रन ठोकने वाले खिलाड़ी बने**



**नयी दिल्ली ,19 फ रवरी 2023।** भारत के रन मशीन विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में नया कीर्तिमान स्थापित करने के साथ ही फिर से चर्चा में आ गए है। इस टेस्ट मुकाबले में विराट कोहली ने ऐताहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 25,000 रन बानने का कीर्तिमान स्थापित किया है।नई दिल्ली में खेले गए बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे मुकाबले के तीसरे दिन विराट कोहली ने ये कारनामा किया। इसी के साथ विराट कोहली ने क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर को पछाड़ दिया। विराट कोहली ने 25 हजार रन 549 पारियों में पूरे किए जबकि सचिन को ये उपलब्धि हासिल करने में 577 पारियां खेलनी पड़ी थी। विराट कोहली 25 हजार रन बनाने वाले दुनिया के छठे खिलाड़ी और दूसरे भारतीय बन गए है। आंकड़ों के मुताबिक विराट कोहली ने अंतर्राष्टीय क्रिकेट में अब तक 31313 गेंदों का सामना किया है और 25 हजार रन बनाने की उपलब्धि हासिल की है। सिर्फ यही नहीं विराट कोहली दुनिया के पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने इस उपलब्धि को 50+ की औसत से हासिल किया है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के साथ हासिल की उपलब्धि

विराट कोहली ने जहां शानदार उपलब्धि हासिल की वहीं भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर दूसरा टेस्ट मैच भी अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित शर्मा ने आक्रामक रूख अपनाया और पुजारा के साथ गफलत का शिकार होकर रन आउट होने से पहले 20 गेंद में 31 रन की पारी खेली। इसके बाद क्रीज पर आये विराट कोहली ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 25,000 रन पूरे करने वाले सचिन तेंदुलकर (34357 रन) के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने। इससे पहले यह रिकॉर्ड तेंदुलकर के नाम था जिन्होंने 577 पारी में 25,000 रन पूरे किये थे।

# इंग्लैंड ने दर्ज की 267 रन की जीत

**माउंट माउंगानुई ,19 फरवरी 2023।** इंग्लैंड ने रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 267 रन की शानदार जीत दर्ज की और दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी शेन वार्न और ग्लेन मैक्ग्रा को पछाड़कर टेस्ट इतिहास में सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए।



रविवार को, एंडरसन ने स्कॉट कुगलेइजन और टिम साउदी को सत्र की शुरूआत में आउट कर दिया, जबकि अनुभवी खिलाड़ी ने ब्लेयर टिकनर को आउट कर मैच समाप्त कर दिया। इंग्लैंड ने लगभग 15 वर्षों में पहली बार न्यूजीलैंड की धरती पर एक टेस्ट जीता है। रेयान साइडबॉटम की पहली पारी में सात विकेट लेने के कारण माइकल वॉन की टीम ने मार्च 2008 में नेपियर के मैकलीन पार्क में जीत हासिल की थी।

इसके साथ ही इंग्लैंड ने अब अपने सबसे हाल के 11 टेस्ट मैचों में से 10 जीत लिए हैं। इंग्लैंड पुरुषों की टेस्ट टीम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया और भारत के पीछे तीसरे स्थान पर आ गया है।

न्यूजीलैंड में श्रृंखला वर्तमान विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है, यह इंग्लैंड को दूसरे मैच से पहले और इस साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर में होने वाली एशेज श्रृंखला से काफी आत्मविश्वास प्रदान करेगी।इंग्लैंड 25 फरवरी को वेलिंगटन में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतने की कोशिश करेगा।

# शाहिद कपूर और अमन गिल ने फिर मिलाया हाथ

शाहिद कपूर इन दिनों अपनी वेब सीरीज फर्जी को लेकर चर्चा में हैं, जो 10 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। इस बीच खबर है कि शाहिद ने एक और फिल्म साइन की हैं। रिपोर्ट के अनुसार, शाहिद अमन गिल की आगामी फिल्म में नजर आएंगे, जो असल जिंदगी पर आधारित होगी। बता दें, शाहिद और अमन ने इससे पहले जर्सी में साथ काम किया है। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखा सकी। एक सूत्र ने कहा, हां, जर्सी के बाद शाहिद और अमन एक साथ एक प्रोजेक्ट पर काम करेंगे। शाहिद ने पहले ही हामी भर दी है और निर्माता जल्द ही प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित है। अब तक इतना ही खुलासा हुआ है। बता दें, शाहिद ने फर्जी के जरिए अपना डिजिटल डेब्यू किया है, जिसको राज और डीके ने बनाया है।





# बॉडी फिटेड ड्रेस पहन बोल्ड पोज देते हुए नेहा मलिक ने लूटी महफिल

भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक इंटरनेट पर अपनी बोल्ड और सेक्सी फोटोज से काफी तहलका मचाती हुई दिखाई देती हैं। नेहा मलिक अपनी एक्टिंग और लाइफस्टाइल के साथ साथ अपनी बोल्डनेस को लेकर चर्चा में रहती है। उनकी लेटेस्ट तस्वीरों में वो शॉर्ट ड्रेस में स्टाइलिश फोटोज क्लिक करवाती हुई दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोज से एक बार फिर से इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इन तस्वीरों में नेहा मलिक का हॉट लुक देख फैंस उनकी तस्वीरों पर से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने इस आउटफिट में बॉडी फिटेड व्हाइट शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने अपनी ड्रेस के साथ हाई हील्स बूट्स कैरी किए है जो उनके आउटलुक को कंप्लीट कर रहा है। कानों में बड़े इयरिंग्स और बालों की हाई पोनीटेल कर के साथ ही लाइट मेकअप एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर चार चांद लगा रहा है।



# स्वोटेक,सबालेंका ने दुबई ड्रॉ का नेतृत्व किया

## रयबकिना का सामना एंड्रीस्कू से है

**दुबई ,19 फरवरी 2023।** वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वोटेक और ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका दुबई टेनिस चैंपियनशिप में ड्रॉ में शीर्ष पर हैं, जो 2023 सीज़न का पहला डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट है। यह टूर्नामेंट रविवार से शुरू हो गया है।

स्वोटेक ड्रॉ के शीर्ष चतुर्थांश में पहले स्थान पर है और शीर्ष 8 बीजों की तरह, पहले दौर में उसे बाई मिली है। दूसरे राउंड में उनका मुकाबला लेयला फर्नांडीज या क्वालीफायर से होगा। स्वोटेक के क्वार्टर को नंबर 6 सीड मारिया सककारी द्वारा एंकर किया जा रहा है, जो अगली सबसे बड़ी सीड हैं। लिंज़ और दोहा में लगातार सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, सककारी दूसरे दौर में मार्केटा वोंद्रोसोवा या करोलिना प्लिस्कोवा से खेलेगी।

ड्रा के दूसरे हाफ में शीर्ष दो वरीयता प्राप्त नंबर 4 सीड कैरोलिन गार्सिया और नंबर 5 सीड कोको गौफ हैं। इस खंड में सेमीफाइनल विक्टोरिया अजारेंका और ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन एलेना रयबकिना भी शामिल हैं। नंबर 9 वरीयता प्राप्त रायबाकिना टूर्नामेंट के ब्लॉकबस्टर पहले दौर में बियांका एंड्रीस्कू के खिलाफ मुकाबला करेगी, जबकि अजारेंका अनास्तासिया पाव्लुचेंकोवा से खेलेगी।

नंबर 3 सीड जेसिका पेगुला और नंबर 8 सीड बेलिंडा बेनकिक तीसरी तिमाही के कोने के रूप में काम करती हैं। दोनों महिलाएं दुबई जाने वाली खतरनाक स्थिति में हैं, बेनकिक ने अबू धाबी में वर्ष की अपनी दूसरी चैंपियनशिप जीतने के बाद छह मैचों की जीत की लकीर खींची है। पेगुला, जिसने पहले कोको गौफ के साथ युगल चैंपियनशिप जीती थी, पहले से ही दोहा फाइनल में है जहां वह स्वेटेक खेलेगी।

सबालेंका, नंबर 2 सीड, जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी पहली बड़ी चैंपियनशिप जीतने के बाद अंतिम ब्रैकेट का नेतृत्व कर रही हैं। या तो जिल टीचमैन या लिंज़ चैंपियन अनास्तासिया पोटापोवा उनकी पहली प्रतिद्वंद्वी होंगी। सबालेंका के क्वार्टर में सीड नंबर 7 डारिया कसाटकिना, नंबर 12 पेट्रा क्विटोवा और नंबर 13 जेलेना ओस्टापेंको भी हैं।

डबल्स ड्रॉ में नंबर 1 और नंबर 2 वरीयता प्राप्त दो जोड़े हैं जिन्होंने क़तर टोटल एनर्जी ओपन फ़ाइनल में प्रतिस्पर्धा की थी, कोको गौफ़ और जेसिका पेगुला, दोहा चैंपियन, और ल्यूडमिला किचेनोक और जेलेना ओस्टापेंको।

भारतीय टेनिस अग्रणी सानिया मिर्जा युगल ड्रा के दौरान अपनी अंतिम प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली हैं, जो दिल को छू लेने वाला अवसर होगा। पहले दौर में मिर्ज़ा और मैडिसन कीज़ का सामना वेरोनिका कुदेरमेतोवा और ल्यूडमिला सैमसनोवा से होगा।















CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### महाधिवेशन की तैयारियों में 8 और नेताओं को दी जिम्मेदारी



रायपुर , 19 फरवरी 2023(ए)। कांग्रेस ने केंद्रीय संगठन से आठ नेताओं को रायपुर महाधिवेशन की तैयारियों में समन्वय का जिम्मा सौंपा है। ये सभी नेता सचिव और संयुक्त सचिव हैं। इनको अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी से समन्वय करने की जिम्मेदारी मिली है। बताया जा रहा है, ये नेता एक-दो दिन में रायपुर पहुंच जाएंगे। छत्तीसगढ़ में पहली बार होने जा रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय महाधिवेशन की तैयारियां जोरों पर हैं। पार्टी कोषाध्यक्ष पवन बंसल की अगुवाई में आयोजन समिति दो बार रायपुर आकर तैयारियों की समीक्षा कर चुकी है। इस बीच प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा प्रदेश कांग्रेस के नेताओं वाली स्वागत समिति की बैठक लेकर जिम्मेदारियां बांट चुकी हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए पुलिस मुख्यालय ने आईजी आरिफ शेख को सुरक्षा का प्रभारी बनाया है। उनके साथ तीन डीआईजी, 10 आईपीएस और 78 एडिशनल एसपी, डीएसपी सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। दरअसल अधिवेशन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस के टॉप लीडर के नेता आ रहे हैं। इनमें दो राज्यों के मुख्यमंत्री भी होंगे। करीब 10 हजार प्रतिनिधि आएंगे। छत्तीसगढ़ नक्सली राज्य भी है।

# आस्था के केन्द्र को विकसित कर रही है हमारी सरकार

» राजिम माघी पुन्नी मेला नाम से फैली संस्कृति की महक

» राजिम माघी पुन्नी मेला का आतिशि समापन



रायपुर/राजिम, 19 फरवरी 2023(ए)। राजिम माघी पुन्नी मेला के समापन समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सबसे पहले राजीव लोचन मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। पश्चात लक्ष्मण झूला में ईरिक्शा चढ़कर सीधे कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने जल डालकर अभिषेक किया और प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की। मुख्य महोत्सव मंच पर पहुंचते ही भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर पं. अर्जुननयन तिवारी सहित पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चर किया गया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत सम्मान हुआ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सभी कलाकरों के साथ विदेशी कलाकरों का भी हम अभिनंदन करते हैं ।राजिम माघी पुन्नी मेला की शुरूआत एव 'समापन दोनों अवसर पर आने का अवसर मिला। लक्ष्मण झूला का पिछले साल लोकार्पण किया था। मेला के बारे में ताम्रध्वज साहू, धनेन्द्र साहू, अमितेष शुक्ल चर्चा करते थे। पहले जिस नाम से यह मेला हो रहा था, उसमें छत्तीसगढ़ी खुशबू नहीं आती थी, परंतु अब संस्कृति की महक बराबर फैल रही है। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा रामायण प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले मंडली को 12 हजार पंचायत को 5 हजार पुरस्कार, जनपद स्तर पर 10 हजार, जिला स्तर पर 50 हजार प्रदान किया गया और राज्य स्तर पर हुंए प्रतियोगिता में लाखों रूपए देकर पुरस्कृत किया गया है। देश में कहीं भी ऐसा आयोजन नहीं होता है, आज सिर्फ छत्तीसगढ़ में हो रहे। आस्था के केन्द्र को विकसित करने का काम हमारी सरकार कर रही है। राजिम पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। नवीन मेला ग्राऊण्ड को विकसित करने का काम कर रहे हैं। कहीं भी भेदभाव हम नहीं कर रहे हैं। सबका बराबर विकास हो रहा है। नृत्य संगीत को सहेजने का काम हो रहे है। गौ माता की सेवा केवल छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया को भूपेश ने किया सकार : ताम्रध्वज साहू

धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि आने वाला साल में 60 एकड़ आरक्षित भूमि पर माघी पुन्नी मेला लगेगा। इसके लिए 100 करोड़ की राशि लगेगा। टेण्डर की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। फोर लेन सहित अनेक काम होंगे। उन्होंने आगे कहा कि राजिम धर्म, आस्था और संस्कृति की भूमि है। पैरी, सोढ़ूर एवं महानदी के संगम में मेला लगता है। हम हर साल नया करने का प्रयास करते हैं। 12 सौ साल पहले कुलेश्वर नाथ महादेव का निर्माण देवी सीता ने किया था। पंचकोशी यात्रा से लेकर अनेक खूबियां इस भूमि की है। रामचंद जी ने सर्वाधिक 10 साल यहां बिताया। राजिम में सर्वाधित राम वनगमन परिपथ के अंतर्गत 19 करोड़ का काम हो रहा है। पहले छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया करते थे, लेकिन बढ़िया नहीं था। बढ़िया भूपेश सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किया है, जो यहां के संस्कृति, रहन-सहन और खान-पान में जुड़ा है। इसलिए अब छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया कह सकते हैं। मेला समापन होने के बाद भी आने वाले चार दिनों तक चलती है, इसलिए प्रशासन की सारी व्यवस्थाएं यथोचित रहेगी।

### आस्था, विश्वास एवं संस्कृति का समागम है राजिम : अमरजीत भगत

संस्कृति एवं जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि राजिम आस्था, विश्वास एवं संस्कृति का समागम है। यहां की भव्यता के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। विदेश के भी रामायण यहां हुए हैं। यह सबसे बड़ा उदाहरण है।

### राजिम के प्रति भूपेश का प्रेम और स्नेह स्पष्ट दिख रही है : अमितेष

राजिम विधायक अमितेश शुक्ल ने कहा कि स्वयं शिव भगवान मेला में आते हैं और मनोकामना को पूरी करते हैं। श्याम भैया हमेशा विकास की बात करते थे। सिंचाई की सुविधा, सड़कों का जाल पर ज्यादा ध्यान दिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार विकास पर ध्यान दे रहे हैं। आने वाले समय में दोबारा मुख्यमंत्री अवश्य बनेगा। दो-तीन महीने में लगातार राजिम आएं हैं, जबकि इतना तो पाटन भी नहीं गए हैं। उनका राजिम के प्रति प्रेम और स्नेह है, जो स्पष्ट दिख रही है।

### गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के नारा को चरितार्थ किया : धनेन्द्र साहू

अभनपुर विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा कि महाशिवरात्रि पर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर रहा हूं। नया सरकार ने चार पिछले चार साल में गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के नारा को चरितार्थ किया है। सभी क्षेत्र में पहचान बनाई है। आदमी के हैसियत बदले हैं। किसान से लेकर गौ पालक, भूमिहीन गरीब मजदूर, महिला स्वालम्बन आदि योजनाओं से इतिहास रच रहा है। मुख्यमंत्री जी ने सांस्कृतिक शोषण को दूर किया है। राम के नाम पर वोट की राजनीतिक चल रही थी। हमारी सरकार ने राम पर ही काम करके दिखा दिया। रामायण प्रतियोगिता से राम की कथा को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। मेला में अपार भीड़ रही है, जो यहां के व्यापार व्यवसाय को उन्नति का अवसर दे रहा है। आने वाला साल यहीं पर राजिम माघी पुन्नी मेला फिर से लगेगा।

### नीतीश भारती ने सैंड आर्ट माध्यम से किया प्रदर्शन

नीतीश भारती द्वारा सैंड आर्ट का प्रदर्शन किया गया, जिसमें गज ग्राहा युद्ध से लेकर उनके उद्धार पश्चात राजा रत्नाकर के द्वारा किए जा रहे यज्ञ में आसुरी शक्तियों के नाश के लिए विष्णु जी का आह्वान किया जाता है। उनके आवाज कान में पड़ते ही जिस अवस्था में थे, हरि प्रगट हो गए और राजा को यहीं रहने का वरदान दिया। इस रेत कला के माध्यम से कांकेर के राजा से लेकर राजीम तेलिन भक्तिन माता के इतिहास को बताया। इस सैंड आर्ट का सीधा प्रसारण हुआ, इससे प्रसन्न होकर मुख्यमंत्री ने मंच पर ही सम्मातिन किया।

जिला कलेक्टर प्रभात मलिक ने प्रतिवेदन पढ़ा। 15 दिवस तक हुए कार्यक्रमों की झलकियां वीडियों के माध्यम से प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री बघेल ने तीन दिनों तक चले राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता में प्रथम ज्ञान गंगा मानस परिवार बचेली दंतेवाड़ा को पांच लाख का चेक एवं स्मृति चिन्हा, प्रमाण पत्र, रामायण ग्रंथ तथा राजकीय गमछे के साथ पुरस्कृत किया गया। द्वितीय स्थान माधुरी महिला मानस मंडली गरियाबंद को तीन लाख को चेक तथा तृतीय स्थान जांजगीर चांपा जिले के मानस मंडली सरहर को दो लाख का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सिहावा विधायक लक्ष्मी ध्रुव, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास जी, खनिज विकास नगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, जिला पंचातय गरियाबंद के अध्यक्ष स्मृति नीरज ठाकुर, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा जितेन्द्र सोनकर, नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, तेलघानी विकास बोर्ड के सदस्य शैलेन्द्र साहू, बोर्ड भावसिंह साहू, विकास तिवारी, पद्मा दुबे, अशोक वास्तव सहित केन्द्रीय समिति के सदस्य के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# मध्यान्ह भोजन में शामिल होगा मिलेट्स

### मुख्यमंत्री बघेल के प्रस्ताव को केंद्र की मंजूरी



रायपुर,19 फरवरी 2023 (ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना में मिलेट्स को शामिल करने के प्रस्ताव को केन्द्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। अब प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 12 जिलों में सोया चिक्की के स्थान पर सप्ताह में चार दिन स्कूली बच्चों को मिलेट्स से निर्मित खाद्य पदार्थ वितरित किए जाएंगे।

छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा के अनुरूप लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा केन्द्र सरकार को इस योजना को आंशिक रूप से संशोधित करते हुए सोया चिक्की के स्थान पर मिलेट्स से बने खाद्य सामग्री वितरित किए जाने का प्रस्ताव भेजा गया था। इस प्रस्ताव को केन्द्र सरकार के डायरेक्टर पीएम पोषण द्वारा मंजूरी दे दी गई है।

राज्य के 12 जिलों में सप्ताह में 4 दिन मिलेंगे मिलेट्स से बने खाद्य पदार्थ

उल्लेखनीय है कि राज्य में मिलेट्स के उत्पादन के लिए किसानों को भरपूर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। कोदो, कुटकी-रागी जैसे मिलेट का समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जा रहा है। इसके अलावा मिलेट मिशन के अंतर्गत राज्य के मिलेट्स उत्पादक किसानों को 9 हजार रूपए की इनपुट सब्सिडी प्रदान की जा रही है। वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है।

गौरतलब है कि पूर्व में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की वार्षिक कार्ययोजना में केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के 7 जिलों में बच्चों को पूरक पोषण आहार के अंतर्गत 55 दिनों के लिए सोया चिक्की प्रदान करने के लिए केन्द्रांश के रूप में 1787.20 लाख रूपए और राज्यांश के रूप में 1198.14 लाख रूपए इस प्रकार कुल 2995.34 लाख रूपए की मंजूरी दी गई थी।

# अमृत मिशन के लिए खोदे गए गड्ढे बन रहे दुर्घटनाओं का कारण

### हर घंटे घायल हो रहे वाहन चालक



रायपुर , 19 फरवरी 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रहने वाले लोगों को एक अलग ही तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वह परेशानी कुछ और नहीं बल्कि राजधानी रायपुर के सड़कों में खोदे गए गड्ढे हैं। प्रशासन की गलती इतनी भारी साबित हो रही है कि यहां प्रति घंटे एक न एक वाहन चालक को अस्पताल में भर्ती होना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिए राजधानी के हर मोहल्ले में इन दिनों राइजिंग पाइप लाइन से घरों के नलों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। नल कनेक्ट होने के बाद खोदे गये गढ्डों को पूरी तरह समतलीकरण नहीं किये जाने के कारण आए दिन जहां सड़क दुर्घटनाओं में दुपहिया वाहन चालक घायल हो रहे हैं वहीं सड़कें भी सिकुड़ गई है। ठेकेदारों की लापरवाही के चलते रोड उबड़ खाबड़ होने के कारण ज्यादातर दोपहिया वाहन चालक फिसल कर हाथ पैर की हड्डियां तुड़वाकर रहे हैं। शहर के जागरूक नागरिक शैलेंद्र मिश्रा, दीपक शुक्ला, कविता बाजपेयी एवं अन्य जागरूकों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं नगरीय निकाय मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया से खोदे गये गढ्डों को सही तरीके से पाटने के लिए संबंधित ठेकेदार एवं पीएचई के जिम्मेदार अधिकारियों को सख्त निर्देश देने की मांग की है। होने वाली दुर्घटनाओं में जहां वाहन चालक गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में भर्ती हो रहे है वहीं उनके परिजनों को भी एकाएक हुई दुर्घटना के कारण मानसिक रूप से तनावग्रस्त होना पड़ रहा है।

## बारसूर में पदस्थ सीआरपीएफ जवान ने स्वयं को गोली मारकर की आत्महत्या



दंतेवाड़ा, 19 फरवरी 2023 (ए)। जिले के बारसूर स्थित 195 हेड क्वॉर्टर में पदस्थ सीआरपीएफ जवान गुनीद दास निवासी असम ने शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे सर्विस राइफल से स्वयं को गोली मार ली, घटना के बाद सीआरपीएफ के अधिकारियों ने घायल जवान को आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद जवान को गंभीर हालत में रायपुर रेफर किया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही जवान ने दम तोड़ दिया। आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल पाया है, मृतक सीआरपीएफ जवान गुनीद दास शनिवार को ही अपने गृह ग्राम में छुट्टी से लौट कर आया था। एडिशनल एसपी आरके बर्मन ने बताया कि जवान को बारसूर से रायपुर एयर लिफ्ट किया गया था, लेकिन उसकी रास्ते मे मौत हो गई थी।

## कप्तान श्रीमंत झा का पैरा इंडिया सीनियर क्रिकेट टीम में चयन



रायपुर,19 फरवरी 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ पैरा क्रिकेट टीम के कप्तान श्रीमंत झा का पैरा इंडिया सीनियर क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। श्रीमंतभिलाई निवासी सदाशिव झा के बेटे है। उनका चयन इंडिया सीनियर क्रिकेट टीम में शहीद वीर नारायण नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए किया गया है।

टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ के रायपुर में 20 फरवरी से 23 फरवरी तक होगा। श्रीमंत पिछले 10 साल से छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट टीम की कमान संभाल रहे हैं। इस टूर्नामेंट की मेजबानी में छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन करेगा। टूर्नामेंट में पूरे देश से 60 खिलाड़ी भाग लेंगे।

### श्रीमंत झा की प्रमुख उपब्धियां

श्रीमंत झा जिंदल स्टील में इंजीनियर पद पर कार्यरत हैं। 2018 में सेंट्रल जोन दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर के रूप में चुने गए। सन 2017 में नेशनल दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच के रूप में चुने गए। सन 2016 में इंटर जोन दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज के रूप में मुंबई में चुने गए। इंडिया बनाम थाईलैंड अंतराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज 2015 के लिए चयन हुआ। वहीं सन 2015 में इंडिया बनाम श्रीलंका अंतराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच के रूप में चुने गए। एशिया कप में सबसे विकेट कीपर के रूप में 2014 में चुने गए।

छत्तीसगढ़ के पैरा क्रिकेटर श्रीमंत झा का पैरा इंडिया सीनियर क्रिकेट टीम में चयन होने पर हार्दिक बधाई!

## भांग पीकर एक दर्जन से अधिक लोग हुए बीमार



बालोद,19 फरवरी 2023 (ए)। बालोद जिले से एक बुरी खबर आई है। यहां महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भांग के सेवन से एक दर्जन से अधिक लोग बीमार पड़ गए हैं। उन्होंने भांग मिले दूध को प्रसाद समझकर पी लिया, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। बीमार होने वालों में स्कूली छात्र, पुलिसकर्मी और पंचायत सचिव शामिल हैं।

### प्रसाद के नाम पर दूध में मिलाई भांग

शहर के जयस्तंभ चौक के पास पान ठेले वाला प्रसाद वितरण कर रहा था। उसने प्रसाद के लिए दूध का इंतजाम किया था। इसी दूध में उसने प्रसाद के नाम पर भांग भी मिला दी थी। इस दूध को कई लोगों ने पिया था। इसमें बड़ी संख्या में लोग बीमार हुए।बताया गया कि सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मगर कुछ देर बाद इनकी तबीयत बिगड़ने लग गई। हीरापुर के आठवीं का छात्र तेजेश्वर कुमार साहू ने भी यहां प्रसाद लिया था। इसके बाद वह घर गया। तेजेश्वर की मां ने बताया कि उनका बेटा महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर में कार्यक्रम देखने गया था। वापस आया और साइकिल खड़े करते ही गिर गया। अस्पताल पहुंचे तो और भी लोग भर्ती थे, तब समझ आया कि भांग की वजह से ऐसा हुआ। उसकी मां की शिकायत थी कि भांग बांटने वालों को बच्चों को तो ये नहीं देना चाहिए था।

### सभी मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया

इधर, बघमरा के चुन्नी लाल ने बताया कि उनका बेटा लीलाधर एक अधिकारी की गाड़ी चलाता है। ड्यूटी से लौटते वक्त भीड़ देखकर प्रसाद ले लिया। इसके बाद घर पहुंचते ही फर्श पर लेट गया। हम लोगों से कुछ कह ही नहीं पाया। हड़बड़ी में हम लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। जमरूवा से बालोद पहुंचे देव सिंह साहू को भी अस्पताल में भर्ती करने के बाद परिजनों को सूचना दी गई है। इस मामले में बालोट टीआई नवीन बोरकर ने कहा है कि भांग मिला हुआ दूध पीने से कुछ लोग बीमार हुए हैं। अभी इलाज किया जा रहा है। बयान लिया गया है। जांच जारी है।

## मासूम आया ब्लास्ट की चपेट में



कोरबा,19 फरवरी 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बालको थाना क्षेत्र में जंगल से महुआ बीनकर लौट रहे पहाड़ी कोरवा बालक की विस्फोटक के चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि खेत में मिले विस्फोटक को दांत से काटते ही ब्लास्ट हुआ।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पहाड़ी कोरवा बालक बिहानू (7) और बड़ा भाई राम प्रसाद (9) जंगल में महुआ बीनने अजगर बाहर टोकाभाटा के जंगल में गए हुए थे। वहां से लौटते समय बिहानू को खेत में कुछ संदिग्ध चीज दिखाई थी। विस्फोटक से अनजान बिहानु ने उसे दांत से काट दिया, जिसके बाद वहां जोरदार धमाका हुआ। इस ब्लास्ट में बिहानु की मौत हो गई।

पहले तो परिजनों को लगा कि ये धमाका पटाखे का है फिर घटना स्थल पर मौजूद राम ने सारी बात बताई। पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद बालको पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वहां से विस्फोटक के अवशेष भी बरामद कर लिए। फिलहाल वो आगे की जांच में जुट गई है।

## 25 सीआरपीएफ जवानों की बिगड़ी तबीयत,अपोलो में कराया गया भर्ती



दंतेवाड़ा,19 फरवरी 2023 (ए)। सीआरपीएफ जवानों की तबीयत बिगड़ गयी है। जवान नरेली कैंप के बताये जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक सीआरपीएफ के जवानों ने सुबह का नाश्ता किया था, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गयी। सीआरपीएफ सूत्रों के मुताबिक 5 जवानों का अभी भी इलाज अपोलो अस्पताल बचेली में चल रहा है। डाक्टरों के मुताबिक जवानों की हालत स्थिर है। जानकारी के मुताबिक सीआरपीएफ के 230 वीं बटालियन के जवानों को शुक्रवार को सुबह के नाश्ते में छोला भटोरा दिया गया था। छोला भटोरा खाने के कुछ ही देर बाद जवानों को उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी। जानकारी के मुताबिक नरेली कैंप के जवानों की तबीयत बिगड़ने के बाद 25 जवानों को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां गंभीर 5 जवानों को अपोलो रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल और अन्य जगहों पर भर्ती जवानों को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है, जबकि अपोलो में 5 जवानों का अभी भी इलाज चल रहा हैं।

## सरेराह गुंडई करने वाले की पुलिस ने निकाली हेकड़ी



रायपुर ,19 फरवरी 2023 (ए)। राजधानी में सरेराह गुंडई करने वाले आरोपी को गुढ़ियारी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मसाला सेंटर का संचालक ओमकार तिवारी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

बता दें कि प्रार्थी लोचन चौहान ने थाना गुढ़ियारी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी बहन पूर्व में तिवारी मसाला सेन्टर में काम करती थी। प्रार्थी की बहन द्वारा तिवारी मसाला सेन्टर के मालिक ओमकार तिवारी को मैं यहां काम नही करूंगी कहने के बाद भी वह उसे बार-बार काम पर बुलाता था। प्रार्थी दिनांक 18.02.2023 को जब अपनी ड्युटी पर था, कि शाम करीबन 08.20 बजे प्रार्थी की माता ने उसे फोन पर जल्दी घर आने को कहा।

प्रार्थी जब घर गया तो उसकी माता प्रार्थी की बहन को लेकर अस्पताल जा रही थी। प्रार्थी जब अस्पताल पहुंचा तो उसकी मां ने बताया कि ओमकार तिवारी ने पूर्व में मुझे अपनी पुत्री दे दो उसे पत्नी बनाकर रखूंगा कहा था जिस पर उसके द्वारा ओमकार तिवारी को मना कर दिया गया था।

ओमकार तिवारी ने दिनांक 18.02.2023 को गुस्से में प्रार्थी की बहन की हत्या करने की नियत से उस पर चाकू जैसे लोहे के चापड़ से गले में वार कर उसके गले एवं हाथ पास गंभीर चोट पहुंचा कर फरार हो गया। जिस पर आरोपी ओमकार तिवारी के विरूद्ध थाना गुढ़ियारी के अपराध क्रमांक 83/2023 धारा 307 भादवि. 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)